# भारत के भौतिकी एवं अंतरिक्ष वैज्ञानिक

कृष्ण मुरारी लाल श्रीवास्तव

सृष्टि क प्रारम्भ से ही वेज्ञानिक अपने चमत्कारो से मानव का वेज्ञानिक ज्ञान के प्रति आकर्षित करत रहे ह और उनम रुचि जागृत करते रह हे। भारतीय वेज्ञानिक भी अन्य देशो के वज्ञानिको से पीछे नही रहे। प्राचीन तथा उन्नीसवी और बीमवी शताब्दी क पूर्वार्द्ध म भारतीय वज्ञानिको न अपने प्रयासा और योगदान से भारत का नाम अन्तराष्ट्रीय जगत मे ऊँचा किया।

स्वतन्त्र भारत मे बीसवी शताब्दी के उत्तरार्द्ध मे विभिन्न मस्थाओ विश्वविद्यालयो तथा केन्द्रीय और राज्य सरकारो के प्रोत्साहन एव आर्थिक सहायता आर अनुदान के कारण भारतीय वेज्ञानिको ने मत्स्य विज्ञान कीट विज्ञान जीव विज्ञान अन्तरिक्ष विज्ञान आणविक ऊर्जा विज्ञान एव भौतिक विज्ञान मे अपूर्व खोजे की। फलस्वरूप भारत का गारव अन्तराष्ट्रीय जगत मे बढा। इस प्रकार उनका प्रयास सराहनीय एव प्रशसनीय हे। प्रो एच सी पी शेट्टी, प्रो आशीष दत्त प्रो सतीश धवन प्रो यू आर राव, डॉ आर चिदम्बरम्, प्रो एम जी के मेनन डॉ एस के जाशा प्रो प्रोवीर राय आदि हमार प्ररणा स्रोत हे।

प्रस्तुत पुस्तक मत्स्य विज्ञान कीट विज्ञान जीव विज्ञान, अन्तरिक्ष विज्ञान आणविक ऊर्जा आर भौतिक विज्ञान के क्षेत्र म वैज्ञानिको के व्यक्तित्व एव कृतित्व से छात्रो भावी नागरिको अध्यापको एव अनुमधित्सुओ को परिचित एव प्ररित करन म पूणत सक्षम हे।

# भारत के भौतिकी
# एवं
# अन्तरिक्ष वैज्ञानिक

कृष्ण मुरारी लाल श्रीवास्तव

अंकित पब्लिकेशन्स, जयपुर

# भूमिका

मई, 1987 मे प्रकाशित अपनी पुस्तक 'भारतीय वैज्ञानिक' के लगभग सात सस्करण प्रकाश मे आने तथा उसमे से दो आलेखो—भास्कराचार्य एव विक्रम साराभाई के महाराष्ट्र राज्य उच्चतर माध्यमिक शिक्षा मण्डल, पुणे द्वारा कक्षा 9 एव 10 की हिन्दी विषय की पाठ्य पुस्तको मे समाविष्ट किये जाने से प्रफुल्लित एव प्रोत्साहित होकर मैंने भारत के भौतिकीविदो, अन्तरिक्षविदो एव आणविक ऊर्जा विज्ञानियो के जीवन चरित्रो तथा कृतित्व पर पुस्तक लिखने का विचार किया। मैंने इन क्षेत्रो के प्रमुख वैज्ञानिको से निवेदन किया, जिन्होने अपने बहुमूल्य सहयोग एव तत्परता से वाछित सूचनाये उपलब्ध कराकर मेरा उत्साहवर्धन किया।

प्रस्तुत पुस्तक पॉच खण्डो—(1) मत्स्य विज्ञानी, (2) कीट विज्ञानी, (3) जीव वैज्ञानिक, (4) अन्तरिक्ष एव आणविक ऊर्जा वैज्ञानिक, तथा (5) भौतिक विज्ञानी—मे विभक्त है। सभी वैज्ञानिको के व्यक्तित्व एव कृतित्व पर सरल, सुबोध एव प्राजल भाषा तथा सरस शैली मे विस्तृत वर्णन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत पुस्तक देश मे विद्यालयो एव महाविद्यालयो मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओ, युवा वैज्ञानिको एव भावी नागरिको को मत्स्य विज्ञान, कीट विज्ञान, जीव विज्ञान, अन्तरिक्ष विज्ञान तथा आणविक ऊर्जा के अध्ययन एव शोध के प्रति आकृष्ट कर उनमे इस दिशा मे रुचि जागृत करेगी। इन क्षेत्रो मे वैज्ञानिको को प्रदत्त पुरस्कारो एव सम्मानो का ज्ञान भी उनमे इस दिशा मे अध्ययन एव शोध के प्रति रुचि उत्पन्न करेगा। पाठको को यह जानकार भी नवीन प्रेरणा प्राप्त होगी कि किस प्रकार कृषक पुत्र यू आर राव अन्तरिक्ष वैज्ञानिक बन गया। छात्रो को अभीष्ट क्षेत्रो मे आकर्षित करने मे पुस्तक सफल सिद्ध होगी, तभी मेरा प्रयास सफल एव सार्थक सिद्ध होगा।

अन्त मै मैं प्रो एच सी पा शेट्टी, प्रो आशीष दत्ता, प्रो सतीश धवन, प्रो यू आर राव, डॉ आर चिदम्बरम्, प्रो एम जी के मेनन, डॉ एस के जोशी, प्रो प्रोवीर राय आदि सभी वैज्ञानिको के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करना अपना पुनीत कर्त्तव्य समझता हूँ जिन्होने अपने व्यस्ततम कार्यक्रम मे से अपना बहुमूल्य समय प्रदान कर अपने व्यक्तित्व एव कृतित्व के विषय मे सूचनाये उपलब्ध कराकर सहयोग प्रदान किया।

अन्त मे मै प्रकाशक को पुस्तक प्रकाशन हेतु मेरे प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार कर यथाशीघ्र प्रकाशित करने हेतु माधुवाद देना अपना पवित्र कर्त्तव्य समझता हूँ।

पाठक बन्धुओ से उनके सुझाव एव मार्गदर्शन सदैव सहर्ष आमत्रित है।

**—कृष्णमुरारी लाल श्रीवास्तव**

# अनुक्रम

**अन्तरिक्ष एव आणविक ऊर्जा वैज्ञानिक**

# प्रोफेसर एम जी के मेनन
## (1928 ई )

**जन्म एव शिक्षा**—प्रोफेसर मामबिल्लकलथिल गोविन्द कुमार मेनन का जन्म 28 अगस्त, 1928 ई को हुआ था। प्रो मेनन का शैक्षिक जीवन सदैव ही उच्च कोटि का एव विशिष्ट रहा। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा जोधपुर मे हुइ। उन्होने आगरा विश्वविद्यालय से बी एस सी की उपाधि, बम्बई विश्वविद्यालय से एम एस सी की उपाधि एव ब्रिस्टल विश्वविद्यालय से पी एच डी की उपाधि प्राप्त की। सन् 1949 से 1955 ई तक उन्होने नोबुल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर सी एफ पॉवेल एफ आर एस के सान्निध्य मे उनकी प्रयोगशाला मे कार्य करने का सुयोग प्राप्त किया। इलाहाबाद, देहली और जोधपुर विश्वविद्यालयो ने उन्हे डी एस सी की मानद उपाधियो से अलकृत किया।

**व्यावसायिक जीवन**—प्रो मेनन ने सन् 1955 ई मे टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फन्डामेन्टल रिसर्च, बम्बई मे कार्य करना प्रारम्भ किया और वह सन् 1966 ई मे इसी सस्थान के निदेशक नियुक्त किए गए। उन्हे भारत के रक्षा मत्रालय मे सलाहकार नियुक्त किया गया था। वह सुप्रसिद्ध भौतिक शास्त्री स्वर्गीय डॉ होमी भाभा के निकट सहयोगी रहे हैं। इससे पूर्व डॉ मेनन इलैक्ट्रोनिक्स एव रक्षा अनुसन्धान, विज्ञान एव प्रौद्योगिकी तथा योजना मे उच्च पदो पर कार्य कर चुके थे। भूतपूर्व प्रधानमत्री श्री वी पी सिह ने प्रो मेनन एफ आर एस को 18 दिसम्बर, 1989 ई को विज्ञान एव प्रौद्योगिकी राज्य मत्री के रूप मे अपने मत्रिमण्डल मे नियुक्त किया था। मत्री पद पर नियुक्ति से पूर्व वह योजना आयोग के सदस्य ओर तत्कालीन प्रधानमत्री स्वर्गीय श्री राजीव गॉधी के वैज्ञानिक सलाहकार थे। मत्री पद पर नियुक्त किये जाने वाले प्रो मनन प्रथम वैज्ञानिक थे। वह 1978-81 ई मे वैज्ञानिक एव औद्योगिक अनुसन्धान परिषद के महानिदेशक तथा 1989 90 ई मे उसके उपाध्यक्ष, रक्षा अनुसन्धान और विकास सगठन के महानिदेशक, भारतीय अन्तरिक्ष और अनुसन्धान मगठन के अध्यक्ष, पर्यावरण और इलैक्ट्रोनिक्म विभाग के सचिव तथा रक्षामत्री के सलाहकार रह चुके थे।

**अनुसन्धान के क्षेत्र मे योगदान**—अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कॉस्मिक किरण भौतिकी के मान्य विद्वान प्रो मेनन ने नाभिकीय तैलयुक्त सफेद तरल पदार्थ विधि

भारत म अधिक ऊँचाई पर तथा भूमि के नीचे बहुत गहराइयो मे मौलिक कणो विशेषतया अद्‌भुत कणो ओर कॉस्मिक किरण की खाेजा से सम्बन्धित भौतिकी के क्षेत्र मे महत्त्वपूर्ण आर उल्लेखनाय योगदान किया है।

**सम्मान एव पुरस्कार**—प्रो मेनन ने कई उत्कृष्ट पुरस्कार एव सम्मान प्राप्त किए है। वह भौतिकी मे डॉ शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कार सन् 1960 के विजेता तथा रॉयल एशियाटिक सोसायटी के खेतान पदक प्राप्तकर्त्ता हैं। सन् 1961 ई मे उन्हे पद्मश्री और 1968 ई मे पद्म विभूषण अलकरण से सम्मानित किया गया था। मध्य प्रदेश सरकार ने सन् 1983 ई मे उन्हे जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया था। इस पुरस्कार स्वरूप उन्हे एक लाख रुपये की नकद राशि एव प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया था। विज्ञान एव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हे गुरु प्रसाद चटर्जी पुरस्कार प्रदान किया गया था। 7 जनवरी, 1988 ई को भारतीय विज्ञान काग्रेस की प्लेटिनम जुबली के अवसर पर भारत के भूतपूर्व प्रधानमत्री स्वर्गीय श्री राजीव गॉधी ने प्रो मेनन को सर आशुतोष मुकर्जी स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया था। प्रख्यात भौतिक शास्त्री प्रो एम जी के मेनन को 9 अगस्त, 1994 ई को भारत के राष्ट्रपति डॉ शकर दयाल शर्मा ने भारत मे विज्ञान के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य के लिए जी एम मोदी फाउन्डेशन की ओर से विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

**सदस्यता एव फैलोशिप**—प्रो मेनन रॉयल सोसायटी, लन्दन, भारतीय विज्ञान अकादमी, और भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के फैलो है। अनेक राष्ट्रीय और विदेशी वैज्ञानिक सगठनो के सदस्य प्रो मेनन ने विभिन्न अवसरो पर अध्यक्ष का आसन ग्रहण किया, यथा—इलैक्टोनिक्स आयोग के अध्यक्ष तथा इलैक्ट्रोनिक्स विभाग, भारत सरकार के सचिव, टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फन्डामेन्टल रिसर्च के निदेशक एव रक्षा मत्री के वैज्ञानिक सलाहकार। वह वैज्ञानिक एव औद्योगिक अनुसन्धान परिषद के पूर्व महानिदेशक (1978-81) है। वह विशुद्ध एव व्यावहारिक भौतिकी के अन्तर्राष्ट्रीय सघ (International Union of Pure and Applied Physics) के कॉस्मिक किरण आयोग के अध्यक्ष तथा भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान सगठन के अध्यक्ष रहे थे। वर्तमान मे वह वैज्ञानिक सघो की अन्तर्राष्ट्रीय परिषद (International Council of Scientific Unions) के अध्यक्ष हैं। आजकल प्रो एम जी के मेनन भारतीय साख्यिकी सस्थान, 7, एम जे एस सन्सन्वाल मार्ग, नई दिल्ली-110016 (भारत) के अध्यक्ष हैं।

❐

# डॉ एस के जोशी
## (1935 ई )

**जन्म एव वश परिचय**—डॉ श्री कृष्ण जोशी का जन्म 6 जून, 1935 ई को भारत के राज्य उत्तरप्रदेश मे पिथौरागढ जिले मे अर्पणा नामक स्थान पर हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय श्री जोगाराम जोशी थे। उनकी माताजी का नाम श्रीमती पार्वती जोशी है। उनकी जीवन सगिनी का नाम श्रीमती हेमा है। उनके श्री सजय और श्री आशुतोष नामक दो पुत्र हैं।

**शैक्षिक जीवन**—डॉ जोशी का शैक्षिक जीवन बडा शानदार रहा और उन्होने हाई स्कूल से लेकर एम एस सी तक सभी परीक्षाये प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण की। सन् 1957 ई मे एम एस सी भौतिक शास्त्र मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वार्ड-विद्यान्त स्वर्ण पदक से पुरस्कृत किया गया था। मन् 1962 ई मे उन्होने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पी एच डी की उपाधि प्राप्त की। उनके शोध प्रबन्ध का शीर्षक था ''एक्स किरणो के असगठित विकिरण का अध्ययन (Study of Dıfference Scatterıng of X–rays) ।

**व्यावसायिक जीवन**—डॉ जोशी वर्ष 1957-67 की अवधि मे इलाहाबाद विश्वविद्यालय मे भौतिक शास्त्र के व्याख्याता पद पर कार्यरत रहे। वर्ष 1965–67 ई मे वह कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड, सयुक्त राज्य अमेरिका मे विजिटिग व्याख्याता रहे। वह रुडकी विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग मे सन् 1967 से 1986 ई तक प्रोफेसर, तथा 1967 से 1978 और 1984 से 1986 ई तक विभागाध्यक्ष के पद पर कायरत रहे। वह सन् 1986 से 1991 ई तक निदेशक, राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला, नई दिल्ली तथा सन् 1991 से 30 जून, 1995 ई तक महानिदेशक, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसन्धान परिषद एव सचिव, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसन्धान विभाग, अनुमन्धान भवन, रफी मार्ग, नई द्रिल्ली-110001 के पद पर कार्यरत रहे।

**प्रकाशन**—डॉ जोशी के 160 से अधिक पत्र प्रख्यात विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जनलो मे प्रकाशित हो चुके है। सन् 1980 ई मे उन्होने कक्षा 11 और 12 के लिए पाठ्यपुस्तक ''भौतिक विज्ञान'' का सम्पादन किया था।

**पुरस्कार और सस्मान**—डॉ जोशी ने वाटुमल स्मृति फाउन्डेशन, होनोलूलू, यू एस ए स वाटुमल स्मृति पारितोषिक वर्ष 1965 ई प्राप्त किया था। वैज्ञानिक और ओद्योगिक अनुसन्धान परिषद नई दिल्ली न भौतिक विज्ञान के क्षेत्र मे वर्ष 1972 इ का शान्ति स्वरूप भटनाग‹ पारितोषिक उन्हे प्रदान किया था। वैज्ञानिक ओर औद्योगिक अनुसन्धान परिषद का रजत जयन्ती पुरस्कार वर्ष 1973 ई वेज्ञानिक ओर औद्योगिक अनुसन्धान परिषद द्वारा उन्हे प्रदान किया गया था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने हरि ओम आश्रम ट्रस्ट पुरस्कारो के अन्तर्गत सैद्धान्तिक विज्ञानो के क्षेत्र मे अनुसन्धान के उपलक्ष मे वर्ष 1974 ई के मेघनाद साहा पुरस्कार से उन्हे विभूषित किया था। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा उन्हे के एस कृष्णन स्मृति व्याख्यान पारितोषिक, 1987 प्रदान किया गया था। सन् 1991 ई मे भारत के राष्ट्रपति ने उन्हे पद्मश्री से सम्मानित एव विभूषित किया था। उन्होने सी वी रमण शताब्दी पदक, 1988, सान्तनु घोष स्मृति व्याख्यान पारितोषिक, 1989, और कदरेश्वर बनर्जी स्मृति व्याख्यान पारितोषिक, 1988 ई प्राप्त किया था।

**फैलोशिप और स्दस्यता**—डॉ जोशी इण्डियन फिजिक्स एसोसिएशन के वर्ष 1973-74 ई मे उपाध्यक्ष औ‹ वर्ष 1989-91 ई मे अध्यक्ष रहे। वह भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के सन् 1974 ई से फैलो, वर्ष 1983-86 मे उसके सचिव तथा सन् 1989 ई से उसके विदेश सचिव है। वह इण्डियन एकेडेमी ऑफ साइन्सेज के सन् 1974 ई से फैलो तथा 1989 ई से उसके उपाध्यक्ष हैं। वह सन् 1989 ई से नेशनल एकेडेमी ऑफ साइन्सेज (परिषद सेवा) के फैलो है। वह सन् 1989 ई से मेटेरियल रिसर्च सोसायटी के उपाध्यक्ष है। वह आजकल इण्डियन एकेडेमी ऑफ साइन्सेज के अध्यक्ष है।

**अनुसन्धान कार्य**—उनकी विशेषज्ञता के प्रमुख क्षेत्र सोलिड स्टेट भौतिकी, और परमाणु एव सूक्ष्म कौलीजन्स है।

वर्तमान मे उनकी शोध अभिवृत्तियाँ है—अव्यवस्थित प्रणालियो मे इलैक्ट्रोन्स ओर फोनोन्स, अव्यवस्थित मिश्रित धातुओ के परिवहन एव दृष्टि सम्बन्धी गुण, अन्तर स्थित धातुओ की जाली का गतिविज्ञान, अर्द्ध-सुचालको मे तल स्थितियॉ, तल पृथक्करण, घुमावदार शीशे, धातु-अधातु अन्तर स्थिति, भारी फर्मीओन्स (fermıons) , और भारी तापक्रम की उच्च सुचालकता।

डॉ जोशी 17 पी एच डी आशार्थियो के शोध प्रबन्धो का मार्गदर्शन एव पर्यवेक्षण कर चुके हैं।

**महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक देने**—सघनित पदार्थ भोतिक विज्ञान आर परमाणु एव सूक्ष्म कौलीजन्स के अनेक क्षेत्रो मे प्रोफेसर जोशी की देनो का व्यापक विस्तार है। उनमे से कुछ प्रमुख देनो का सक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा हे—

**धातुओ की जाली का गतिविज्ञान**—यह कार्य सामान्य धातुओ के कम्पन की तीव्रता के पारदृश्य को निश्चित करने मे इलेक्ट्रोन की भूमिका के विस्तृत अन्वेषण से सम्बद्ध था। इलैक्ट्रोन-फोनोन के पारस्परिक सम्बन्ध का समुचित अवबाध फोनोन्स, विद्युत सुचालकता के साथ-साथ धातुओ मे उच्च सुचालकता का पदार्थ और उनके योगिको के ज्ञान को स्पष्ट करना केन्द्रित हे। एक साधारण धातु मे इलैक्ट्रोन-फोनोन के पारस्परिक सम्बन्ध के लिए अद्ध-दृष्टि सिद्धान्त विज्ञान का प्रतिदर्श इलैक्ट्रोन्स की गैस द्वारा व्याप्त परमाणु समूहो की जाली के रूप मे धातु को देखना प्रस्तावित किया गया था। यह प्रतिदर्श सामान्य धातुओ क लिए बिल्कुल सफल पाया गया था ओर कई द्वारा प्रयोग किया गया है।

उत्तम ओर स्थिति के अन्तरवाली धातुओ मे कम्पनो के अध्ययनो मे परमाणु समूह (विद्युत आविष्ट परमाणु) की गति (चेष्टा) के प्रति उनमे डी-इलैक्ट्रोन्स की अनुभूति साधारण धातुओ मे स्वतन्त्र इलैक्ट्रोन्स की अनुभूति से बिल्कुल भिन्न होती है। परस्पर असम्बद्ध एस और डी-इलैक्ट्रोन्स का प्रतिदश उत्तम और स्थिति के अन्तर वाली धातुओ के लिए विद्युत धाग के प्रवेश के छटाव कार्य की गणना हेतु प्रस्तावित किया गया था। धातुओ मे विद्युत धारा के प्रवेश के छटाव का सामान्यीकृत सिद्धान्त सेइज (Seıtz) टर्नबुल (Turnbull) और ऐहरेन्रीच (Ehrenreıch) द्वारा सम्पादित 'एडवान्सेज इन सोलिड स्टेट फिजिक्स वोल्यूम्स (Advances ın Solıd State Physcs Volumes)' मे प्रकाशित हुआ था।

**व्यवस्थित और अव्यवस्थित प्रणालियो का इलैक्ट्रोनिक ढॉचा**—उत्तम धातुओ की स्फटिक क्षमता निर्माण हेतु डी-इलैक्ट्रोन की स्थानीय प्रकृति के कारण जाली के विद्युत आविष्ट परमाणु पर आराप (charge) के वास्तविक अनुमानो पर आधारित एक नुस्खा सुझाया गया था। इस विधि का प्रयोग चॉदी और प्रारम्भिक-पीतल के बन्धन वाले ढॉचे की गणना हेतु किया गया था।

स्थानापन्न रूप मे अव्यविस्थत मिश्रित धातुओ मे इलैक्ट्रोनिक स्थितियो की समस्या अव्यवस्था की विद्यमानता के कारण बिल्कुल विषम है। ऐसी मिश्रित धातुओ मे इलैक्ट्रोनिक स्थितियो की प्रकृति के अध्ययन के लिए प्राफेसर जोशी और उनके सहकर्मियो ने कोहेरट पोटेशिअल (coherent potentıal—सम्बद्ध सक्षम) एप्रोक्सीमेशन (approxımatıon— निकटता) और एवरेज्ड (averaged) मध्यम/टी मैट्रिक्स (matrıx— सॉचा/एप्रोक्सीमेशन

(approxamation) जैसे असख्य प्रतिदर्शो का प्रयोग किया था। कई दुहरी अव्यवस्थित मिश्रित धातुओ के लिए गणनाओ के परिणामो की तुलना दृष्टि सम्बन्धी ओर प्रकाश-प्रवाह के परिमापो के साथ की गई थी। कोहरेट पोटेशिअल एप्राक्सीमेशन (coherent potential approximation–सीपीए CPA) के कुछ समूह विस्तारो का भी परीक्षण किया गया था। इन समूह सी पी ए गणनाओ मे जाली के विभिन्न स्थलो से समन्वित बिखरावो को सम्मिलित कर लिया गया है।

अव्यवस्थित दुहरी मिश्रित धातुओ के इलैक्ट्रोनिक परिवहन गुणो का भी अन्वेषण किया गया था। कठोर बन्धन युक्त चित्र पर आधारित एक साधारण प्रतिदश ऐसी एक मिश्रित धातु की स्थिर विद्युतीय सुचालकता के निर्माण का प्रारम्भिक बिन्दु था। अव्यवस्थित दुहरी मिश्रित धातुओ मे स्थानीयता की समस्या का पता रिनोर्मेलाइज्ड पर्टर्बेशन एक्सपेशन (renormalized perturbation expansion) विधि द्वारा लगाया गया था।

**इलैक्ट्रोन समवाय**— अनुपम स्वरूप, जो अन्तर स्थित धातु ऑक्साइडो मे इलैक्ट्रोन-इलैक्ट्रोन पारस्परिक सम्बन्ध से उत्पन्न होते हैं, जो डी इलैक्ट्रोनो के लिए अति-सकीण ऊर्जा बन्धनो को धारण करते है, को भी खोज लिया गया है। ऐसे अध्ययनो के लिए हब्बार्ड (Hubbard) प्रतिदर्श का प्रयोग किया गया था। इसकी स्पष्ट सादगी के बावजूद भी हब्बार्ड प्रतिदर्श के हल कुछ सीमित मामलो के सिवाय ज्ञात नही है। एकमात्र बन्धनपूर्ण हब्बार्ड प्रतिदर्श एक ही स्थल पर इलैक्ट्रोन-इलैक्ट्रोन परस्पर सम्बन्ध का उल्लेख करता है। हब्बार्ड प्रतिदर्श का सामान्यीकरण अन्त परमाणु कॉउलोम्ब (Counlomb) पारस्परिक सम्बन्धो को भी सम्मिलित करने के लिए किया गया था। एस-डी (S–D) परस्पर सम्बन्ध, जो अन्तर स्थित धातुओ के लिए बिल्कुल महत्त्वपूर्ण है, हब्बार्ड हेमिल्टोनियन (Hubbard Hamil-tonian) के साथ जोडा गया था। इन रेखाओ पर विस्तृत हब्बार्ड प्रतिदर्श के लिए अनुमानित हल प्राप्त कर लिये गये थे और इन प्रतिदर्शो के समानान्तर क्षेत्र के चित्रो का अध्ययन किया गया था।

- भारी इलैक्ट्रोन प्रणालियॉ विद्युत रूप से चालक पदार्थ है, जिनमे सचाल (conduction) इलैक्ट्रोन विशिष्ट ताप अधिकॉश धातुओ मे पाये गये ताप से आदर्श रूप मे लगभग 100 गुना अधिक बडा होता है। कोउलोम्ब परस्पर सम्बन्ध और इलैक्ट्रोन-फोनोन परस्पर सम्बन्ध के प्रभाव को सयुक्त करने वाली एक विधि का विकास भारी इलैक्ट्रोन प्रणालियो मे भारी अर्द्ध कणो के मध्य प्रभावी सम्बन्ध को प्राप्त करने के लिए किया गया है। यह पता लगाया गया था कि इस प्रभावपूर्ण परस्पर सम्बन्ध की समुचित शक्ति पर प्रणाली उच्च चालक बन जाती है। यह

प्रणालियो के अध्ययन के लिए बहुत लाभप्रद है, जो भारी फर्मीऑन (fermıon) के व्यवहार और उच्च चालकता दोनो को प्रदशित करती हे।

तरल नाइट्रोजन तापमान के ऊपर अन्तर स्थित तापमान टी सी के साथ ताँबे के कणो (cuprates) मे उच्च चालकता की नवीनतम खोज अधिकॉश पदार्थवेनाओ के लिए आघात स्वरूप थी। इस पदार्थ के सन्तोषजनक सैद्धान्तिक अवबोध का अभाव अभी तक है। अब यह ज्ञात हो गया ह कि इलैक्ट्रोन-इलैक्ट्रोन यहाँ एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। काउलोम्ब परस्पर सम्बन्ध के कारण परस्पर बॅधी अन्तर स्थिति के आधार पर ताँबे के कणो (cuprates) मे उच्च तापमान की उच्च चालकता के लिए यात्रिक क्रिया को स्वय सिद्ध करने वाला एक प्रतिदर्श हाल मे ही प्रस्तावित किया गया है। ये अन्तरस्थितियाँ ध्रुवीकरण प्रेरित छिद्र-छिद्र आकषण और उच्च चालकता युग्मीकरण का मार्ग प्रशस्त करती है। गणना कोलिजन सिद्धान्त की विधियो का उपयोग करती है और ताँबे के कण (cuprate) की उच्च चालकता के लिए अन्तरम्थित तापमान टी सी के लिए उचित मूल्य प्रदान करती है।

**आणविक और सूक्ष्म कौलिजन्स**—परमाणुओ और परमाणु समूहो की उत्तेजनाओ का इलैक्ट्रोन प्रभाव ऊपरी वायुमण्डल मे अनेक प्रक्रियाओ मे महत्त्व का है। प्रोफेसर जोशी और उनके सहयोगियो ने (1) क्षारीय परमाणुओ (alkalı atoms) से इलैक्ट्रोन्स के लचीले बिखराव, (11) इलैक्ट्रोन प्रभाव द्वारा हाइड्रोजन की उत्तेजना, और (111) लिथिअम (एक प्रकार की धातु) तथा सोडियम परमाणुओ की प्रतिध्वनि (resonance) रेखाओ के ध्रुवीकरण की खोज के लिए ग्लौबर एप्रोक्सीमेशन (Glauber approxımatıon) का प्रयोग किया है। ग्लौबर एप्रोक्सीमेशन का प्रयोग प्रोटोन प्रभाव द्वारा हाइड्रोजन परमाणु की उत्तेजना की गणना के लिए भी किया गया था।

क्षारीय परमाणुओ और लिथियम जैसे तथा सोडियम जैसे परमाणु समूहो के समकोण पर कटाव की उत्तेजना के इलेक्ट्रोन प्रभाव की गणना हेतु क्लासिकल इम्पल्स एप्रोक्सीकेशन (classıcal ımpulse approxımatıon) का प्रयोग किया गया था। अकेले और दुहरे आरोपित परमाणु समूहो और दो बाहरी खोल इलैक्ट्रोन्स के साथ परमाणुओ के आयनीकरण के इलैक्ट्रोन प्रभाव का अध्ययन करने के लिए क्लासिकल बाइनरी एन्काउन्टर मॉडल (classıcal bınary encounter model) के स्वरूप का प्रयोग किया गया था। आयनीकरण के समकोण कटाव पर लक्ष्य के इलैक्ट्रोन्स के विभिन्न गतिविभाजनो के प्रभाव का भी विश्लेषण किया गया था। क्लासिकल बाइनरी एन्काउन्टर मॉडल का प्रयोग प्रोटोन प्रभाव द्वारा सूक्ष्म आयन तथा हे (He) जैसे परमाणुओ के आयनीकरण की गणना हेतु भी किया गया था। इलैक्टोन प्रभाव के कारण मक्ष्म आयन के आयनीकरण

और पृथक्करण की समस्या का अध्ययन भी क्लासिकल इम्पल्स एप्रोक्सीमेशन का प्रयोग करके किया गया था।

इलेक्ट्रोन-परमाणु कोलिजन्स मे परमाणुओ की वक्रता के अध्ययन हेतु एक नइ विधि प्रस्तावित की गई थी। यह विधि घर्षणशील इलैक्ट्रोन के लिए वेव पेकिट (Wave packet) विधि पर आधारित थी। वेव पेकिट के निर्माण हेतु एक विधि प्रतिपादित की गई थी।

गतिहीन गैसो और सूक्ष्म हाइड्रोजन, नाइट्रोजन एव ऑक्सीजन मे होकर गुजरने वाले हेल्सिम परमाणुओ से और सूक्ष्म लक्ष्य के माथ घर्षण करने वाल हाइड्रोजन परमाणुओ से इलैक्ट्रोन क्षति के लिए समकोण-कटावो की गणना की गई थी।

स्फटिक की बृहद-धुरियो के साथ-साथ गतिवान अनुयायी (relatırstıc) पोजीट्रोन्स (posıtrons— विरोधी कण जिनका समुदाय और गति इलक्ट्रोन के सम्मन होते है किन्तु जिनका विद्युतीय आरोप धनात्मक होता है) से सम्बद्ध ब्रेम्सस्ट्राहलग (bremsstrahlung— निकाली गई एक्स-किरणे जब एक इलैक्ट्रोन धनात्मक रूप से न्यूक्लियस (nucleus— केन्द्रक पर आरोप करता है) की समस्या का अध्ययन किया गया था और छोडेगए विकिरण पर बल्ली-घुमाव (beam dıversıon) के प्रभाव का विश्लेषण किया गया था।

**समाज के लिए महत्त्वपूर्ण अन्य कार्यक्रमो मे योगदान—**

**1 उच्च चालकता पर राष्ट्रीय कार्यक्रम**—सन् 1986 ई मे उच्च तापमान उच्च चालकता की खोज के उपरान्त भारत ने भी उच्च चालकता पर राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रारम्भ किया। वैज्ञानिक और ओद्योगिक अनुसन्धान परिषद की पॉच प्रयोगशालाओ [राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला, केन्द्रीय विद्युत एव इलैक्ट्रोनिक अनुसन्धान सस्थान, राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला केन्द्रीय हरा रग अनुसन्धान सस्थान, क्षेत्रीय अनुसन्धान प्रयोगशाला (त्रिवेन्द्रम)] ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया था। प्रोफेसर जोशी वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसन्धान परिषद उच्च चालकता कार्य दल के अध्यक्ष हैं। इस बात का श्रेय प्रोफेसर एस के जोशी और डॉ ए के गुप्ता (राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला) को जाता है कि स्क्विड (Squıd/ Superconductıng Quantum Interference Devıce) के प्रदर्शन को विकसित करने के लिए बहुप्रयोगशालीय कार्यक्रम, जो तरल नाइट्रोजन तापमान पर कार्यशील उच्च तापमान चालको के समूह और मोटी फिल्मो पर आधारित था, को निर्धारित तिथि से पहले ही पूरा कर लिया गया था। स्क्विड अत्यन्त निर्बल

चुम्बकीय क्षेत्रो की पहचान के लिए एक अत्यन्त सवेदी साधन है तथा कई प्रयोगो सहित उच्च प्रौद्योगिकीय उत्पाद है।

2 **राष्ट्रीय चरित्र बल निर्माण सेवा कार्यक्रम**—एक राष्ट्र की औद्योगिक प्रगति के लिए परिमाप मापक प्रामाणिक होते है। राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला, नई दिल्ली मे मापक (परिमाप) के प्राथमिक मानक राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला द्वारा सचालित राष्ट्रीय चरित्र बल निर्माण सेवा कार्यक्रम क अन्तर्गत उनकी मापक क्षमताओ के लिए स्वीकृत प्रयोगशालाओ मे मापन यत्रो के चरित्र बल द्वारा उपभोक्ता उद्योगो के लिए लाभप्रद होते है। प्रोफेसर जोशी ने विगत वर्षो मे सम्पूर्ण देश मे व्याप्त लगभग 100 प्रयोगशालाओ की स्वीकृति हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ करने के लिए विशेष प्रयास किये हैं।

3 **शैक्षिक कार्यक्रम**—प्रोफेसर जोशी ने विद्यालयी शिक्षा मे गहन रुचि ली है। सन् 1980 ई मे उन्होने कक्षा 11 और 12 के लिए ''भौतिकी'' नामक पाठ्यपुस्तक का सम्पादन किया था तथा आजकल सीनियर सैकण्ड्री कक्षाओ के लिए पुस्तक लेखन दल को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान एव प्रशिक्षण परिषद की सलाहकार समिति के सदस्य है। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के देहली स्कन्ध के सयोजक के रूप मे प्रोफेसर जोशी ने विद्यालयी छात्रो मे विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जागृत करने के लिए व्याख्यान माला का आयोजन किया हे।

प्रोफेसर जोशी ने राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला और विश्वविद्यालयो एव शैक्षिक सस्थानो के मध्य सयुक्त अनुसन्धान कार्यक्रम तथा ग्रीष्म भ्रमण कार्यक्रमो को उत्साहित कर एव बल देकर पारस्परिक घनिष्ठ सम्बन्ध उत्पन्न करने का भी प्रयास किया है।

4 **विकासात्मक कार्यक्रम**—प्रोफेसर जोशी ने विशेषतया अन्तरिक्ष उपयोगा, आकारहीन उद्जन मिश्रित सौर कोषो और बहुस्फटिक सौर कोषो का विशाल क्षेत्र, रगीन टी वी के लिए विरल भूमि फोस्फोरस, प्रदर्शन साधनो के लिए फैरोइलैक्ट्रिक (ferroelectric–बिजली को राकने वाले पदार्थ जिनमे कुछ चुम्बकीय गुणो के अनुरूप विद्युतीय गुण होते हैं) तरल स्फटिको के साथ-साथ दृष्टि सम्बन्धी विद्युत अवरोधन तथा जैव सवेदको के लिए कार्बनिक पदार्थो के लिए कार्बन-कार्बन निर्मित पदार्थो से सम्बद्ध पदार्थो मे राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला मे विकासात्मक कार्यो को विशेष गति प्रदान की है। प्रोफेसर जोशी ने ऊर्जा बचत साधनो पर भी कार्य प्रारम्भ कराये और यह प्रयास बहुत अल्प समय मे ही सफल सिद्ध हुआ।

यह सब प्रोफेसर जोशी की व्यक्तिगत अनुसन्धान मे अत्यन्त व्यस्तता के साथ-साथ हुआ है।

❐

# डॉ ओ पी बहल

(1939 ई )

**जन्म एव वश परिचय**—डॉ ओ पी बहल का प्रादुर्भाव 5 अक्टूबर, 1939 ई को भारत के पजाब राज्य मे होशियारपुर जिले के उरमर नामक स्थान पर हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय श्री जय किशन दास बहल व्यापारी थे। उनकी माताजी श्रीमती अमर कौर गृहिणी थी। डॉ बहल का पाणिग्रहण सस्कार श्रीमती सुषमा किरण बहल के साथ सम्पन्न हुआ है। उनके सुश्री आरती बहल एव सुश्री अर्चना बहल नामक दो पुत्रियॉ है।

**बाल्यकाल एव शिक्षा-दीक्षा**—डॉ बहल सात भाई और एक बहन है तथा पजाब मे अपने गॉव टॉडा उरमर मे एक बडे सयुक्त परिवार मे उनका लालन-पालन हुआ था। उन्होने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा कक्षा दशम् तक राजकीय विद्यालय, टॉडा मे प्राप्त की थी जहॉ वह औसत दर्जे के विद्यार्थी थे। वह एक के अतिरिक्त सबसे छोटे थे तथा अपने फालतू समय मे पारिवारिक कार्यो के साथ-साथ भैसो की देखभाल करने मे अपनी माताजी की सहायता किया करते थे। बी एस सी तक महाविद्यालयी शिक्षा उन्होने डी ए वी महाविद्यालय, जालन्धर मे अध्ययनरत रहकर अर्जित की।

उन्होने सरदार पटेल विश्वविद्यालय, गुजरात से एम एस सी परीक्षा उत्तीर्ण की, जहॉ सन् 1963 ई मे विश्वविद्यालय मे उनका स्थान सर्वप्रथम रहा। सन् 1966 ई मे उन्होने सरदार पटेल विश्वविद्यालय से पी एच डी की उपाधि प्राप्त की।

**व्यवसाय के क्षेत्र मे**—सन् 1966 ई मे सरदार पटेल विश्वविद्यालय मे अपनी पी एच डी पूर्ण करने के उपरान्त उन्हे नागरिक उड्डयन मत्रालय, इग्लैड द्वारा उत्तर-डॉक्टरेट फेलोशिप प्रदान की गई थी तथा उन्होने दो वर्ष सन् 1967 और 1968 ई मे वहॉ प्रोफेसर जॉन एम थॉमस के साथ कार्य किया। इस काल मे उनके अनुसन्धान का शीषक था, 'स्टडी ऑफ पोइन्ट एण्ड लाइन डिफेक्टस इन लेअर स्ट्रक्चर्ड सिगिल क्राइस्टल्स—अकेले परत सरचित स्फटिको मे बिन्दु एव रेखा दोषो का अध्ययन।' सन् 1968 ई मे भारत लौटने पर वह 18 माह तक राष्ट्रीय भौतिकीय प्रयोगशाला मे पूल अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। पजाब

विश्वविद्यालय चडीगढ के स्नाकोत्तर अध्ययन केन्द्र मे अपन 10 मास के सक्षिप्त कार्यकाल के उपरान्त उन्होने मइ, 1971 मे राष्ट्रीय भोतिकीय प्रयागशाला मे वैज्ञानिक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया जहाँ एम एम सी के छात्रो को सोलिड स्टेट भौतिक विज्ञान पढाने मे उन्हे अत्यधिक आनन्द की अनुभूति हुई। राष्ट्रीय भोतिकीय प्रयोगशाला मे विभिन्न वैज्ञानिक पदो पर कार्य करने के उपरान्त वह आजकल कार्बन प्रौद्योगिक सभाग के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे हे।

**पता**— उनका वर्तमान पता अधालिखित है—

डॉ ओ पी बहल,
उपनिदशक,
कार्बन प्रौद्योगिकी सभग, राष्ट्रीय भौतिकीय प्रयोगशाला,
डॉ के एस कृष्णन मार्ग, नई दिल्ली-110012, भारत

**प्रकाशन**—डॉ बहल की निम्नलिखित दो पुस्तके प्रकाशित हुइ है—

(1) पिच एण्ड पिच बेस्ड प्रोडक्टस (Pitch and Pitch Based Products)

(2) फाइबर, मैट्रिक्स एण्ड कम्पोजिटस (Fibre Matrices and Composites)

उनके लगभग 80 शोध-पत्र प्रख्यात राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो मे प्रकाशित हुए है।

**सदस्यता**—डॉ बहल इण्डियन कार्बन सोसायटी के सस्थापक सदस्य और सचिव है। वह अमेरिकन कार्बन सोसायटी, मेटेरियल्स रिसर्च सोसायटी ऑफ इण्डिया और पर्मागाम प्रेस, यू एस ए के अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल 'कार्बन' के सम्पादक मण्डल के सदस्य है।

**सम्मान और पुरस्कार**—सन् 1978 ई मे डॉ बहल ने वस्त्र क्रम पान (PAN) अग्रसर से कार्बन तन्तु निर्माण हेतु प्रक्रिया विकसित करने के उपलक्ष मे राष्ट्रीय भौतिकीय प्रयोगशाला (एन पी एल NPL) पुरस्कार प्राप्त किया था। सन् 1990 ई मे उन्हे सामान्य रूप से पदार्थो के क्षेत्र मे महत्त्वपूर्ण कार्य के लिए मेटेलर्जिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया (एम आर एस आई MRSI) का पुरस्कार प्राप्त हुआ था। सन् 1991 ई मे उन्हे बहु उद्देश्यीय कार्बन तन्तु बुनने की प्रक्रिया के विकास सहित उच्च घनत्व कार्बन-कार्बन समष्टि पदार्थो के निर्माण हेतु प्रौद्योगिकी के विकास के उपलक्ष मे वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसन्धान परिषद (सी एस आई आर CSIR) का प्रौद्योगिकी पुरस्कार प्रदान किया गया था। सन्

1992 ई मे प्राकृतिक ग्रेफाइट (काला सीसा) को एक अग्रसर के रूप मे प्रयोग करके नमनीय बन्धनहीन ग्रेफाइट निर्मित करने की एक नवीन प्रक्रिया विकसित करने के उपलक्ष मे राष्ट्रीय अनुसन्धान विकास निगम का गणतत्र दिवस पुरस्कार के वह प्राप्तकर्त्ता है।

**अनुसन्धान कार्य की विशेषताये**—सन् 1971 ई मे राष्ट्रीय भौतकीय प्रयोगशाला मे पद भार ग्रहण करने के उपरान्त उन्होने कार्बन तन्तुओ के क्षेत्र मे काय प्रारम्भ किया। उस समय यह विकसित राष्ट्रो (देशो) के लिए भी भविष्य के लिए एक पदार्थ था। इन सभी वर्षो मे जीवन्त प्रयासो के फलस्वरूप राष्ट्रीय भौतिकीय प्रयोगशाला मे उनके दल ने केवल भारत मे ही नही अपितु अन्तर्राष्ट्रीय मापदण्डो द्वारा भी सर्वश्रेष्ठ दलो मे से एक होने का गौरव प्राप्त किया है। इस क्षेत्र मे विश्व श्रेणी का आधारभूत अनुसन्धान किया गया है। नये प्रतिदर्श/प्रतिक्रिया योजनाये प्रस्तावित की गई है, जिनका सदर्भ प्राय अन्य व्यक्तियो अथवा वैज्ञानिको द्वारा दिया जाता है।

कालान्तर म कार्बन तन्तुओ पर कार्य को कार्बन-कार्बन समष्टि पदार्थो नामक एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण क्षेत्र तक विस्तृत किया गया था। कार्बन तन्तुओ की भॉति कार्बन-कार्बन समष्टि पदार्थो के निर्माण हेतु प्रौद्योगिकी मुट्ठीभर देशो द्वारा अधिकृत कर ली गइ है तथा प्रेम अथवा धन के कारण उपलब्ध नही है। कार्बन-कार्बन ममष्टि पदार्थो का प्रयोग नोजटिप्स (nosetıps) की तरह प्रतिरक्षा, वायुयानो के लिए ब्रेक (रोक) पैड्स (गद्दियो) की तरह उच्च कार्य वान्तरिक्ष क्षेत्रो मे नोजकोन्स (nosecones) के सामरिक क्षेत्रो मे, अत्यन्त उच्च तापमान के सॉचो आदि तथा अन्तत सम्पूर्ण कूल्हे के जोड जैसे जैव-चिकित्सकीय क्षेत्र मे किया जाता है। सामान्यतया कार्बन मानव शरीर द्वारा अगीकृत किया जाता है और अधिकतर कोइ भी दर्जी कार्बन-कार्बन समष्टि पदार्थो के गुणो का मेल सही तौर पर प्रत्यारोपित होने वाले मानवीय अग की विशेषताओ के साथ कर सकता है। कार्बन-कार्बन समष्टि पदार्थो का उच्च घनत्व (1 8 ग्राम/सी सी ) तैयार करने के लिए प्रौद्योगिकी का विकास कर लिया गया है और उसका हस्तान्तरण अग्नि प्रक्षेपास्त्र आदि के नोजटिप (nosetıp) जैसे आवश्यक अगो के निर्माण हेतु समर्थ बनाने के लिए अनुसन्धान विकास सगठन विभाग को कर दिया गया है। कार्बन-कार्बन प्रौद्योगिकी विकसित करने मे सर्वाधिक विषम स्थिति एक पूर्व-प्रारूपित बहुउद्देश्यीय रूप से बुने हुए तन्तु की पूर्व-रचना की उपलब्धता है। इस प्रौद्योगिकी का भी विकास किया गया और तत्फलस्वरूप एक स्वदेशी रूप से बुनी हुई पूर्व-रचना से वास्तविक परिमाप की नोजटिप (400 × 400 × 200) बनाई गई थी। उच्च घनत्व के कार्बन-कार्बन समष्टि पदार्थो को विकसित करने के लिए इसे पहले

ही साहित्य मे लिपिबद्ध (अभिलेखित) किया गया है कि मामान्य दाब के अन्तगत कार्बनीकरण प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए अन्तत कार्बन-कार्बन समष्टि पदार्थो मे से 1 6 से 1 65 ग्राम/सीसी से पर घनत्वो को प्राप्त करना सम्भव नही है। उच्च घनत्व वाले कार्बन-कार्बन समष्टि पदार्थो को प्राप्त करने के लिए सभी विकसित देशो मे उष्ण समस्थायी दाब (Hot sostatic ressing-HIP) का प्रयोग किया जाता है, जिसमे उन्नत तापमानो पर 10000 वायुमण्डल के क्रम का कार्बनीकरण दाब सन्निहित होता है। यह केवल एक व्यापक साज-सामान ही नही है, अपितु हमे भारतवर्ष मे भी उपलब्ध है। अत एक अपूर्व विधि पर चिन्तन किया गया जिसका नामकरण इन्टरमीडिएट ग्रेफाइटाइजेशन टेक्निक—मध्यस्थित काला सीसा करणीय प्रविधि किया गया जिसके प्रयोग ने हमे अन्तत एच आई पी (HIP) का प्रयोग किये बिना उच्च घनत्व वाले कार्बन-कार्बन समष्टि पदार्थो का विकास करने के लिए समर्थ बना दिया है।

कार्बन तन्तु पुष्ट किये गये मृदा समष्टि पदार्थो का विकास किया गया है रश्मि एकीकरण यत्र (लेसर) की कडियो के विपरीत बेहद लाभदायक है। कार्बन तन्तु पुष्ट किये कॉच के समष्टि पदार्थ तैयार किये गये थे और तब कॉच कॉमेट्रिक्स (टाइप ढालने का सॉचा) आकृति विहीन स्थिति से स्फटिक स्थिति तक परिवर्तित किया जाता है और ऐसा करके कार्बन तन्तु के कॉच मृदा के समष्टि पदार्थो की तापीय क्षमता को कम से कम 70% बढाया गया है।

प्राकृतिक ग्रेफाइट की वृद्धि क्रिया के क्षेत्र मे आधारभूत अध्ययन किये गये थे। इन अध्ययनो की एक शाखा के रूप मे नमनीय ग्रेफाइट नामक औद्योगिक रूप से एक बहुत महत्त्वपूर्ण उत्पाद का विकास किया गया है, जिसका अब तक सम्पूर्ण देश मे आयात किया जाता था। इस प्रकार विकसित नमनीय ग्रेफाइट मे सभी स्वदेशी पदार्थ प्रयोग किये जाते है और अन्तिम उत्पाद पदार्थ की नमनीय शक्ति की दृष्टि से आयातित उत्पाद से श्रेष्ठ है।

कोलतार की राख के लगभग जीरो क्यू आई (क्यूइनोलीन इन्सोलूबिल्स—शून्य क्यूइनोलीन अघुनशीलो) सचित वर्ग बनाने के लिए एक अत्यन्त अपूर्व प्रविधि का विकास किया गया है। हम इस समय देश मे यह पदार्थ लगभग 4000-5000 मीट्रिक टन आयात कर रहे है। नई प्रक्रिया, जिसका विकास किया गया है, देश मे वाणिज्यिक रूप से व्यवहार मे लिये जाने की प्रक्रिया मे है जो अन्तत इस पदार्थ के निर्यात के बेहतर क्षेत्र के साथ-साथ विदेशी मुद्रा की बचत मे मदद करेगी।

❐

# डॉ सी एल गर्ग

( 1940 ई )

**जन्म एव वश परिचय**—डॉ सी एल गर्ग का जन्म उत्तर प्रदेश के अलीगढ जिले मे स्थित एक छोटे-से गॉव सिमरौठी मे 15 अगम्त सन् 1940 को हुआ। यद्यपि इस गाव के निवासियो को शिक्षा के क्षेत्र मे विशेष अभिरुचि थी, लेकिन दुर्भाग्य की बात तो यह थी कि उन दिनो गॉव मे कोई प्राथमिक पाठशाला तक भी न थी। यही कारण था कि इस गॉव के बच्चो को शिक्षा के लिए गॉव से बाहर जाना पडता था। गॉव मे स्कूल न होने के कारण शिक्षा प्राप्त करने का प्रश्न इनके लिए एक जटिल ममस्या थी। इनके पिता स्वर्गीय श्री सुक्खीमल थोडे-सेपढे-लिख व्यक्ति थे जो अपने ग्रामीण व्यापार का हिसाब-किताब रख सकते थे। मॉ-श्रीमती देवकी तो बिल्कुल भी पढी लिखी नही है। लेकिन इस सबके बावजूद भी मा-बाप दोनो की ही विशेष इच्छा थी कि अपने पुत्र को बदलते समय मे पढा-लिखा कर योग्य बना सके।

**शैक्षिक जीवन**—सात साल की उम्र मे इन्होने विद्या-अध्ययन के लिए गाव के पास के एक-दूसरे गॉव मे स्कूल जाना आरम्भ किया। उन्ही दिनो देश आजाद हुआ और शिक्षा के प्रचार-प्रसार कार्यक्रम मे इनके गाव मे भी एक प्राइमरी पाठशाला खुल गई। नीम के पेड के नीचे एक चौपाल पर पचास-साठ बालको के बीच इनके अध्यापक श्री मुन्शीलाल गोयल इन्हे पढाया करते थे। इसी स्कूल मे इन्होने पॉचवी कक्षा पास की। प्रतिमाशाली होने के कारण उस क्षेत्र को आठ स्कूला मे इन्होने सबसे अधिक अक प्राप्त किये। इससे मा-बाप का होसला बढ गया ओर उन्होने अपने बालक को आगे पढाने का निश्चय किया। दो वर्ष इधर-उधर के स्कूलो मे भटककर इन्होने आठवी कक्षा म खैर इन्टर कॉलेज, खैर जिला अलीगढ मे दाखिला लिया इसी कॉलेज से इन्होने दसवी कक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीण की। इनके इतने अच्छे अक थे कि इन्हे इलाहाबाद बोड से छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस विद्यालय से 12वी कक्षा उत्तीर्ण करके इन्होने धर्म समाज कॉलेज, अलीगढ मे दाखिला ले लिया।

सन् 1961 मे इन्होने आगरा विश्वविद्यालय से प्रथम श्रणी मे बी एस सी उत्तीर्ण करके जैन कॉलेज बडौत मे एम एस सी (भौनिकी) मे दाखिला ले लिया। दो वष तक कठिन परिश्रम करके सन् 1963 मे इन्होने आगरा विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी म एम एस सी भौतिकी विषय मे उत्तीर्ण की।

पढने-लिखने मे इनकी बहुत अधिक रुचि थी। जब कभी इनके लैम्प का तेल समाप्त हो जाता तो ये सरसो के तेल का दीपक जला कर पढा करते थे। अनेक कठिनाइयो का सामना करने के बाद इनकी शिक्षा पूरी हा पाई।

**विस्मरणीय घटना**—इनके जीवन की एक बडी ही दिलचस्प घटना है जिससे इन्हे अत्यन्त मनोबल मिला। जब वे बी एस सी क प्रथम वष मे पढ रहे थे, तब एक क्लर्क की नौकरी के लिए वे दिल्ली एक इन्टरव्यू देन आए। इस नौकरी के लिए इन्हे चुन तो लिया गया, लेकिन सलेक्शन बार्ड के चेयरमेन ने इन्हे डॉट कर कहा था कि इतना अच्छा शिक्षात्मक रिकार्ड होते हुए तुम एक क्लर्क बनकर ही सारी जिन्दगी सडते रहोगे। बेहतर यह होगा कि अपना शिक्षा पूरी करके कोई अच्छा पद प्राप्त करने का प्रयास करो। इस उपदेश से इन्हे आगे बढने की बहुत अधिक प्रेरणा मिलो।

**व्यावसायिक जीवन**—एम एस सी करने के तुरन्त बाद इन्हे मोदी कॉलेज, मोदी नगर मे एम एस सी कक्षाये पढाने के लिये प्राध्यापक क पद पर नियुक्त किया गया। कुछ महीनो तक इन्होने अध्यापन कार्य किया लेकिन वेतन के नाम पर उन दिनो उत्तर प्रदेश मे स्नाकोत्तर प्राध्यापको को केवल 250/= रुपये माहवार मिलता था। अध्यापपन कार्य मे ये बहुत ही सफल अध्यापक रहे। लेकिन वेतन कम होने के नाते इन्होने अध्यापन कार्य छोड दिया और रक्षा मत्रालय के रक्षा अनुसन्धान और विकास विभाग मे वैज्ञानिक का पदभार सँभाला। वैज्ञानिक अनुसन्धानो मे इनकी विशेष रुचि रही है, विशेष रूप से आधुनिक तकनीकी से सम्बन्धित विकास कार्यो मे।

**वैवाहिक जीवन**—सन् 1964 मे डॉ गर्ग ने अपना विवाह कर लिया। इनकी धर्मपत्नी श्रीमती राजेश गर्ग की सदा से ही इन्हे वैज्ञानिक कार्यो और लेखन के क्षेत्र मे प्रेरणा रही है। इनके तीन पुत्र हे।

**अनुसन्धान के पथ पर**—डॉ गर्ग लगभग पिछले 30 वर्षा से रक्षा विज्ञान केन्द्र मे रक्षा सम्बन्धी अनुसन्धान और विकास कार्यो म लगे हुए है। इसी केन्द्र मे किये गये अपने अनुसन्धान कार्यो के आधार पर सन् 1975 मे इन्हे आगरा विश्वविद्यालय से पी एच डी की उपाधि प्रदान की गई। इन 30 वर्षो ने इन्होने लेसर जैसे अति-आधुनिक विषय पर अनेक विकास कार्य किये है। इनकी टीम ने अनेक

प्रकार के लेसरो का निर्माण काय किया है। प्रकाशिकी से सम्बन्धित लेसर घटको के विकास कार्यो मे इनका विशेष योगदान रहा है।

**प्रकाशन**— अपने वैज्ञानिक अनुसन्धान कार्यो से सम्बन्धित अब तक ये 25 से भी अधिक शोध-पत्र राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओ मे प्रकाशित कर चुके हैं।

डॉ गर्ग का वैज्ञानिक के रूप मे तो नाम है ही, इससे कही अधिक इनका योगदान विज्ञान का लोकप्रिय बनाने मे रहा है। आकाशवाणी, दिल्ली से उनकी लगभग 100 विज्ञान वार्ता मे ब्रॉडकास्ट हो चुकी है।

पिछले 29 वर्षो मे डॉ गर्ग ने विज्ञान प्रगति, जनसत्ता , सान्ध्य टाइम्स, प्राइमरी शिक्षक आदि पत्र-पत्रिकाओ मे 50 से भी अधिक रोचक और जन-सामान्य को जागृत करने वाले आधुनिक विज्ञान से सम्बन्धित लेख लिखे है। इनमे से कुछ के विषय हैं—स्टार वार, लेसर, कैट स्कैनर, अन्तरिक्ष सामग्री, करमारकर एल्गोरिथम आदि।

डॉ गर्ग ने विज्ञान विषयो पर कई पुस्तके भी लिखी हैं। इनके द्वारा अनुदित पुस्तक 'प्रघाती तरगे ओर मानव' प्रकाशक—भागीरथ सेवा सस्थान, गाजियाबाद को राष्ट्रीय पुरस्कार (रक्षा मत्रालय) से पुरस्कृत किया जा चुका है। इनकी दूसरी मूल पुस्तक 'चमत्कारी किरण लेसर' प्रकाशक—पुस्तक महल, दिल्ली को भी राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। डॉ गर्ग को भारतीय बाल शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा हिन्दी मे स्वश्रेष्ठ बाल वैज्ञानिक लेखन के लिये सन् 1987 का सम्मान प्रदान किया गया। अखिल भारतीय स्तर पर अनेक निबन्ध लेखन प्रतियोगिताओ मे इन्हे अनेक बार पुरस्कृत किया जा चुका है।

डॉ गर्ग की देख-रेख और परामर्श के अन्तर्गत पुस्तक महल, दिल्ली द्वारा प्रकाशित चिल्ड्रन्स नॉलिज वन्क की छ खण्डो मे लिखी पुस्तकमाला ने सारे देश मे धूम मचा रखी है। यह पुस्तकमाला आठ भाषाओ मे प्रकाशित हो चुकी हे। जूनियर साइन्स एनसाइक्लोपीडिया भी इन्ही की देख-रेख मे पुस्तक महल द्वारा प्रकाशित की गई हे। अभी हाल ही मे डॉ गर्ग ने 'नाभिकीय अस्त्र-शस्त्र' नामक पुस्तक लिखी है जो पुस्तक महल, दिल्ली द्वारा प्रकाशित की गई है।

उनकी अन्य प्रकाशित पुस्तके अधोलिखित हे—

1 आधुनिक अस्त्र-शस्त्र ओर युद्ध विज्ञान, हाई टेक पब्लिकेशन्स, दिल्ली

2 दूर सचार की नई दिशाये, राजपाल एण्ड सन्स दिल्ली

3 विचित्र यत्र मानव राजपाल एण्ड सन्स दिल्ली

4 प्रदूषण और स्वास्थ्य, पीताम्बर बुक डिपो दिल्ली

5 कम्प्यूटर के रक्षा अनुप्रयोग।

डॉ गर्ग बहुत ही उच्च श्रेणी के वक्ता है। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर इनकी विज्ञान विषया पर 100 से भी अधिक वार्ताये प्रसारित हो चुकी है। अखिल भारतीय स्तर पर आकाशवाणी से इनके दो विज्ञान सम्बन्धी रूपक भी प्रसारित हो चुके है। सक्षिप्त मे यह कहा जा सकता है कि डॉ गर्ग भारत के उदीयमान वैज्ञानिक और विज्ञान लेखक है।

**पुरस्कार और सम्मान**—रक्षा मत्रालय, भारत सरकार से उनकी पुस्तके-प्रघाती तरगे और मानव, नाभिकीय अस्त्र-शस्त्र, आधुनिक अस्त्र-शस्त्र और युद्ध विज्ञान तथा चमत्कारी किरण लेसर पुरस्कृत हो चुकी हैं। डिपार्टमेन्ट ऑफ साइन्स एण्ड टैक्नोलोजी से उनकी पुस्तके विचित्र यत्र मानव, और दूर सचार की नई दिशाये पुरस्कृत हो चुकी हे। उनकी पुस्तक 'चमत्कारी किरण लेसर' प्रथम इन्दिरा गॉधी पुरस्कार से सम्मानित की गई है। उनकी पुस्तक 'सागर मथन' महासागर विभाग स पुरस्कृत की गई है। भारतीय बाल शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा हिन्दी मे सर्वश्रेष्ठ लेखन के लिए उन्हे 1987 इ मे सम्मानित किया गया। उनके 'मानस पुत्र रोबोट' रूपक को आकाशवाणी, दिल्ली ने प्रथम पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इनके अतिरिक्त अन्य कई छोटे पुरस्कार भी डॉ गर्ग को प्राप्त हो चुके है।

**पता**—डॉ गर्ग का कार्यालयीय पता निम्नाकित है—

डॉ सी एल गर्ग, एम एस सी , पी एच डी ,
वरिष्ठ वैज्ञानिक लेसर विभाग, रक्षा विज्ञान केन्द्र,
मैटकाफ हाउस, दिल्ली-110054 (भारत)

उनके घर का वर्तमान पता इस प्रकार है—

डी 37, गवर्नमेट क्वार्टर्स, देव नगर,
नई दिल्ली-110005 (भारत)

# प्रोफेसर प्रोबीर रॉय

( 1942 ई )

**जन्म एव वश परिचय एव पारिवारिक जीवन**—प्रोफेसर प्रोबीर रॉय का आविर्भाव 4 अक्टूबर, 1942 ई को कलकत्ता मे हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय न्यायमूर्ति श्री किरोन लाल रॉय एक समय कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। उनकी माता स्वर्गीय श्रीमती सुजाता रॉय काव्यतीर्थ थी। वह सस्कृत भाषा की विदुषी थी। इस प्रकार उन्होने प्रारम्भ से अपने घर मे शैक्षिक वातावरण पाया। उनके एक ज्येष्ठ भ्राता श्री बिप्लब कुमार रॉय है।

उनके चाचा पद्मश्री ओर क्रिकेट टैस्ट खिलाडी श्री पकज रॉय श्री वी एम मन्कड के साथ विश्व टैस्ट मे कीर्तिमान स्थापित करने वाले रहे है। उनके चचेरे भाई श्री अमर रॉय और श्री प्रोनोब रॉय भी क्रिकेट टैस्ट खिलाडी हैं।

श्री रॉय का विवाह 10 अगस्त, 1965 ई को श्रीमती मनाशी भट्टाचार्य के साथ हुआ था। उनका वर्तमान नाम और पता इस प्रकार है—डॉ मनाशी रॉय रीडर, इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ ज्यॉमेग्नेटिज्म, कोलाबा, बम्बई। उनके 1967 ई मे जन्मी सुश्री जागोरी राय, कार्मेजी विश्वविद्यालय, पिट्सबर्ग, यू एस ए से सूक्ष्म जीव विज्ञान मे पी एच डी नामक एक पुत्री है। उनके 1978 ई मे उत्पन्न श्री अनलभ रॉय नामक एक पुत्र है।

इस प्रकार उनके परिवार के सभी सदस्य विज्ञान, ज्ञान, सार्वजनिक सेवा और अन्य क्षेत्रो मे उल्लेखनीय रहे है।

**बाल्यकाल की परिस्थितियॉ, प्रभाव और प्रमुख स्मृतियॉ**—उनका प्रारम्भिक बचपन उत्तर-पश्चिमी कलकत्ते की कुमारतुली नामक बस्ती मे अपने पैतृक घर मे व्यतीत हुआ था। उनके पिता मेधावी छात्र और विद्वान थे तथा उनकी शैक्षिक गरिमा की कहानियो ने उन्हे प्रोत्साहित किया। उनके तीन मामा सफल अभियन्ता थे और उन्होने ही उन्हे विज्ञान विषय के अध्ययन हेतु प्रोत्साहित किया था।

**प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा**—प्रो रॉय ने अपनी प्राथमिक ओर माध्यमिक शिक्षा कक्षा 1 से 10 तक सन् 1948 से 1958 इ तक स्कॉटिश चच कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता मे प्राप्त की थी। इस काल मे उनके गणित अध्यापक श्री श्यामदास मुखर्जी का महत्त्वपूण प्रभाव रहा। पश्चिमी बगाल माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा मे प्रो रॉय ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय अन्तिम परीक्षा मे उनका स्थान सातवॉ रहा ओर उन्हे प्रथम श्रेणी की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। सोवियत रूस द्वारा छोडे गए प्रथम पृथ्वी उपग्रह स्पूतनिक प्रथम का उन पर गहरा प्रभाव पडा ओर उन्हे वैज्ञानिक जीवन की ओर अग्रसर होने के लिए प्रभावित किया।

**विश्वविद्यालयी और अन्य उच्च शिक्षा**—रॉय ने प्रेसीडेसी कॉलेज, कलकत्ता के छात्र के रूप मे 1958-60 ई मे इन्टर विज्ञान परीक्षा तथा 1960-62 ई मे बी एस सी ऑनर्स परीक्षा उत्तीर्ण की। इन्टर विज्ञान परीक्षा मे उन्होने तृतीय स्थान प्राप्त किया और उन्हे प्रथम श्रेणी छात्रवृत्ति प्रदान की गई। 1960-62 की अवधि मे सैद्धान्तिकी भौतिकी के प्रोफेसर ए के रॉय चौधरी एफ एन ए के व्याख्यान रॉय के लिए बडे प्रेरणादायक थे, जिन्होने भौतिक शास्त्र मे ऑनर्स के साथ प्रथम श्रेणी मे बी एस सी परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होने ट्रिपोस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राकृतिक विज्ञान (भौतिकशास्त्र) मे 1962 से 1965 ई तक किग्स कॉलेज, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, इग्लेड मे अध्ययन किया और दोहरा प्रथम (ट्रिपोस परीक्षा के खण्ड प्रथम मे प्रथम श्रेणी और खण्ड द्वितीय मे प्रथम श्रेणी) स्तर प्राप्त किया। इसके परिणामस्वरूप वह किग्स कॉलेज के आजीवन छात्र बनाये गए ओर किग्स कॉलेज मे प्राकृतिक विज्ञान का सवश्रेष्ठ छात्र होने के उपलक्ष मे वष 1964 का पावेल पुरस्कार उन्हे प्रदान किया गया। प्रोफेसर ए बी पिपड एफ आर एस के व्याख्यानो से रॉय भौतिक शास्त्र मे अनुसन्धान करने के लिए बहुत अधिक प्रोत्साहित हुए और उन्हे एम ए (कैन्टन) उपाधि दी गई।

**स्नातकोत्तर अध्ययन और अनुसन्धान**— 1965-68 के काल मे प्रो रॉय स्टेनफोड विश्वविद्यालय, कैलिफोर्निया, यू एस ए मे स्नातक छात्र थे। उन्होने स्टैनफोड लाइनीयर एक्सिलरेटर सेटर मे प्रोफेसर एस एम बेर्मन के मार्गदर्शन मे अनुसन्धान कार्य किया और "करेट एल्जेब्रा एप्लीकेशन ऑन काआन फिजिक्स (Current Algeblra Application on Kaon Physics)" विषय पर शोध-प्रबन्ध लिखा तथा स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा पी एच डी की उपाधि प्रदान की गई। 1968-71 की अवधि मे रॉय कार्नेल विश्वविद्यालय मे उत्तर-डॉक्टरेट प्रशिक्षक-अनुसन्धान एशोसिएट रहे ओर उच्च ऊर्जाओ पर लेप्टोन-हैडरोन

(lepton–hadron) प्रक्रियाओ के सिद्धान्ता की खोज की। वह 1971-72 इ मे यूरोपियन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ नूक्लियर रिसर्च (सी ई आर एन ) मे कनिष्ठ विजिटिग वैज्ञानिक रहे और प्रकाश-शकु—भोतिकी (light–core physics) पर अनुसन्धान किया।

वह विश्राम सम्बन्धी वर्षो (1980 सी ई आर एन और 1989-90 टेक्सास विश्वविद्यालय ऑस्टिन) के अलावा 1972 ई से टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फडामेन्टल रिसर्च बम्बई मे कार्यरत है। उनके विशिष्ट सहयोगी है प्रोफेसर जे पेस्टियन (लौवेन) प्रो एस ब्रॉस्काइ (स्टैनफोर्ड), प्रो सी जार्लस्कोग (स्टॉकहोम), प्रो टी एफ वाल्श (मिन्नेसोटा), प्रोफेसर डी ए डिकस (टैक्सास, ऑस्टिन), प्रोफेसर ई मा (कैलिफोर्निया, रिवरसाइड), प्रोफेसर जी राजसेकरन (आई एम एस सी , मद्रास), प्रोफेसर एफ, हाल्जेन (विस्कोसिन, मेडिसन)। उनके विशिष्ट शिष्य हे प्रोफसर जी भट्टाचार्य (साहा इन्स्टीट्यूट), और प्रोफेसर ए एस जोशीपुरा (भौतिकी अनुसन्धान प्रयोगशाला, अहमदाबाद)।

**व्यावसायिक जीवन**—प्रोफेसर रॉय ने 1965-66 ई मे स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय मे भौतिकी विभाग मे अध्यापन सहायक का कार्य किया। 1966-68 ई मे वह स्टेनफोर्ड लाइनीयर एक्सिलरेटर मे अनुसन्धान सहायक रहे। सन् 1968 इ मे उन्होने स्टेफोड लाइनीयर एक्सिलरेटर सेटर मे अस्थायी अनुसन्धान एशोसिएट का काय किया। 1968-71 की अवधि मे वह कार्नेल विश्वविद्यालय मे प्रशिक्षक-अनुसन्धान एशोसिएट रहे। 1971-72 ई मे वह सी ई आर एन मे कनिष्ठ विजिटिंग वैज्ञानिक रहे। 1972-73 ई मे उन्होने टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फन्डामेटल रिसर्च, बम्बई मे विजिटिग फैलो के रूप मे कार्य किया था। 1973-76 ई की अवधि मे वह टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फन्डामेटल रिसर्च, बम्बई मे फैलो रहे। सन् 1976-83 ई के काल मे उन्होने टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फन्डामेटल रिसर्च, बम्बई मे रीडर के पद पर कार्य किया। सन् 1978-1980 ई मे वह ड्यूटस्चेस इलेक्ट्रोनेन, सिन्क्रोट्रोन मे विजिटिग प्रोफेसर रहे। 1980 ई मे वह ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ओर डी ई स वाइ म भी विजिटिग वैज्ञानिक एव सी ई आर एन मे वैज्ञानिक एशोसिएट के रूप मे कार्यरत रहे। 1983-90 की अवधि मे वह टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फन्डामेटल रिमच, बम्बई मे एशोसिएट प्रोफेसर रहे। सन् 1984 और 1989 इ मे वह ब्रुखावेन राष्ट्रीय प्रयोगशाला मे विजिटर रहे। 1989 ई मे वह नील्स बोहर मस्थान मे विजिटर रहे। 1989 और 1991 इ मे वह केलिफोर्निया विश्वविद्यालय मे विजिटर रहे। सन् 1990 ई से वह टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फन्डामेटल रिसर्च बम्बई मे पूण प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हे।

उनका वतमान पता है—

प्रोफेसर प्रोबीर रॉय
टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फन्डामेटल रिसर्च
(परमाणु) विज्ञान और गणित का भारत सरकार का राष्ट्रीय केन्द्र
होमी भाभा रोड बम्बई-400005

**सम्मान, पुरस्कार और वैज्ञानिक परिषदो की सदस्यता**—प्रोफेसर रॉय इण्डियन एकेडेमी ऑफ साइन्सेज के फैलो, और इण्डियन नेशनल साइन्स एकेडेमी के भी फैलो है। वह न्यूयाक एकेडेमी ऑफ साइन्सेज, अमेरिकन फीजिकल सोसायटी और इण्डियन फिजिक्स एशोसिएशन के सदस्य हैं। उन्हे शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कार प्रदान किया गया। वह भोतिकी के जर्नल-प्रमाण के सम्पादक मण्डल, और इण्डियन जर्नल ऑफ प्योर एण्ड एप्लाइड फिजिक्स के सम्पादक मण्डल के सदस्य है। वह वेज्ञानिक ओर औद्योगिक अनुसन्धान परिषद की अनुसन्धान समिति के सदस्य है।

**विज्ञान के क्षेत्र मे देन और प्रकाशन**—प्रोफेसर रॉय ने "थ्योरी ऑफ लेप्टोन-हैडरोन प्रोसेसेज एट हाइ ऐनर्जीज (Theory of Lepton-Hadron Processes at High Energies) शीर्षक पुस्तक लिखी है। यह 1975 ई मे क्लेरेडन, प्रेस ऑक्सफोर्ड द्वारा प्रकाशित की गई और नेचर (Nature) फिजिक्स टुडे (Physics Today) दि लन्दन टाइम्स (The London Times Higher Educational Supplement) आदि जैसे प्रमुख जर्नलो ने बहुत उपादेय समीक्षा की थी।

उन्होने कई अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो—क्षेत्रीय सिद्धान्त एव उच्च ऊर्जा भोतिकी (Field Theory and High Energy Physics) पर अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार, प्रोटविनो, सोवियत रूस मे 1982 ई मे, इलैक्ट्रोविक सिम्मेट्री ब्रेकिग (Electro-Weak Symmetry Breaking) ओर दि सुपर कन्डक्टिग सुपर कॉलाइडर (The superconducting Super collider), बर्कले, यू एस ए मे 1984 ई मे, उच्च ऊर्जा भौतिकी (High Energy Physics) पर बारहवे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, बर्कले, यू एस ए मे 1986 ई मे, उच्च ऊर्जा भौतिकी पर इन्टरनेशनल यूरोफिजिक्स सम्मेलन, उप्पसला, स्वीडन मे 1987 ई मे, हाई एनर्जी फिजिक्स फेनोमेनोलोजी (High Energy Physics Phenomenology) पर प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला, बम्बई म 1989 ई मे और हाई एनर्जी फिजिक्स फेनोमैलोजी पर द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला, कलकत्ता मे 1991 ई आदि मे आमन्त्रित भाषण दिए।

वह भारत मे कई अन्तर्राष्ट्रीय पीठो और सम्मेलनो अथात् बार्योन नोनकजरवेशन (Baryon Nonconservation) पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, बम्बई मे 1981 मे, सुपर सिम्मेट्री (Super Symmetry), सुपर ग्रेविटी (Super gravity) नोनपरटरवेटिव क्यू सी डी (Nonperturbative QCD) पर अन्तर्राष्ट्रीय पीठ, उच्च ऊर्जा भोतिकी पर्यावरण विज्ञान (High Energy Physics Phenomenology) पर कार्यशाला प्रथम बम्बई मे और द्वितीय कलकत्ता मे आयोजित करने मे सलग्न रहे।

प्रो रॉय अब तक लगभग 100 शोध-पत्र लिख चुके है।

❑

# प्रोफेसर एन वी मधुसूदन
(1944 ई )

**जन्म एव वश परिचय**—प्रोफेसर एन वी मधुसूदन का जन्म 9 मइ, 1944 ई का भारत के कर्नाटक राज्य के प्रसिद्ध नगर मैसूर मे हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय श्री एन वेदाव्यसाचर पूर्व मेसूर रियासत के मार्वजनिक निर्माण विभाग मे ओवरसियर थे। उनकी माता स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा बाई गृहिणी थी। उनका विवाह सोफिया हाई स्कूल बगलोर मे अध्यापिका श्रीमती कौशल्या से हुआ है। उनके सन् 1980 ई मे उत्पन्न श्री प्रमोद नामक एक पुत्र है।

**शैक्षिक जीवन**—प्रो मधुसूदन की शिक्षा मैसूर मे सम्पन्न हुई। उन्होने लक्ष्मीपुरम राजकीय प्राथमिक विद्यालय चाडीमुरम राजकीय मिडिल स्कूल, शारदा विलास हाई स्कूल और शारदा विलास महाविद्यालय, मैसूर मे अध्ययन किया था। उन्होने मैसूर विश्वविद्यालय से बी एस सी की उपाधि सन् 1962 ई मे प्राप्त की। उन्होने मैसूर विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के छात्र के रूप मे 1964 ई मे एम एस सी की उपाधि प्राप्त की। उन्होने सन् 1970 ई मे भौतिकी विभाग, मैसूर विश्वविद्यालय से पी एच डी की उपाधि प्राप्त की। उनके शोध-प्रबन्ध का शीर्षक था, ''स्टेटिस्टिकल थ्योरी ऑफ दि नेमेटिक फेज।''

**व्यावसायिक जीवन**—प्रो मधुसूदन जुलाई, 1964 ई और सितम्बर, 1969 ई के मध्य शारदा विलास महाविद्यालय, मैसूर मे पहले प्रदर्शक एव बाद मे व्याख्याता, भौतिकी के पद पर सेवारत रहे। मार्च, 1971 ई से सितम्बर, 1971 ई तक वह मैसूर विश्वविद्यालय मे भौतिकी विषय के व्याख्याता पद पर कार्यरत रहे। सितम्बर, 1971 ई से वह रमन अनुसन्धान सस्थान, बगलौर मे वैज्ञानिक तथा 1986 ई से प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। सितम्बर, 1983 ई से सितम्बर, 1984 ई तक वह लैबोटोयर डे फिजिक डस सोलिडिस यूनिवर्साइट डे पेरिस-सुद आर्से, फ्रास मे विजिटिग वेज्ञानिक तथा सितम्बर, 1984 ई से फरवरी, 1985 ई तक सेटर डे रिसर्चे पॉल पस्कल, यूनिवर्साइट डे बोर्डे ऑक्स I फ्रास मे विजिटिग एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहे।

**विशेषज्ञता**—उनके अनुसन्धान की विशेष रुचि तरल स्फटिको के क्षेत्र मे है। विषय के विविध पक्षो सैद्धान्तिक, प्रयोगात्मक एव उपयोग आधारित अध्ययनो आदि मे उनकी रुचि है।

**प्रकाशन**—प्रो मधुसूदन के अब तक 100 से अधिक पत्र एव समीक्षाये प्रकाशित हो चुकी है।

**पेटेन्ट**—उन्होने एक फ्रेच पेटेन्ट प्राप्त किया है।

**फैलोशिप**—सन् 1974 ई मे प्रो मधुसूदन को भारतीय विज्ञान अकादमी का फैलो निर्वाचित किया गया।

**पुरस्कार एव सम्मान**—सन् 1989 ई मे प्रो मधुसूदन को भौतिक विज्ञान मे शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कार प्रदान किया गया। वह कई अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो मे आमन्त्रित वक्ता रह चुके है।

**अभिरुचि**—उनकी अभिरुचि मुख्यतया पढने मे है।

**पता**—उनका पता अधोलिखित है—

प्रो एन वी मधुसूदन,
भौतिक विज्ञान विभाग,
रमन अनुसन्धान सस्थान,
सी वी रमन एवेन्यू,
सदाशिवनगर, बगलौर-560080 (कर्नाटक), भारत

❑

# डॉ आर बी माथुर

(1952 ई )

**जन्म एव वश परिचय**—डॉ राकेश बिहारी माथुर का जन्म 26 सितम्बर, 1952 ई को उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक एव विश्व प्रसिद्ध नगर आगरा मे हुआ था, जहॉ उनके पिता स्वर्गीय श्री रघुराज बिहारी माथुर वकील थे। वह अपने माता-पिता की ज्येष्ठ सन्तान है। उनके दो छोटी बहिने है जिनका विवाह हो चुका है। डॉ माथुर का विवाह सन् 1980 ई मे पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर (राजस्थान) के सेवानिवृत्त प्रोफेसर, अध्यक्ष तथा डीन, पोषण सकाय की सुपुत्री श्रीमती कुमकुम माथुर के साथ सम्पन्न हुआ था। उनके सन् 1981 ई मे उत्पन्न श्री गौरव एव सन् 1985 ई मे उत्पन्न श्री विनीत नामक दो पुत्र है।

**शिक्षा-दीक्षा**—डॉ राकेश बिहारी माथुर की प्राथमिक शिक्षा सेट जोस प्राथमिक विद्यालय आगरा मे सम्पन्न हुई, जहॉ से उन्होने पचम कक्षा उत्तीर्ण की। प्राथमिक शिक्षा समाप्त करने के उपरान्त उन्होने सेट जोस इन्टर कॉलेज, आगरा मे प्रवेश ले लिया, जिसका त्याग उन्होने यू पी शिक्षा मण्डल की बारहवी कक्षा अर्थात् इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर किया। उन्होने सेट जोस महाविद्यालय, आगरा के नियमित छात्र के रूप मे आगरा विश्वविद्यालय, आगरा मे बी एस सी और एम एस सी (भौतिकी) परीक्षाये क्रमश सन् 1969 एव 1971 ई मे उत्तीर्ण की। सन् 1976 ई मे राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ने उन्हे पी एच डी की उपाधि प्रदान की।

**व्यवसाय के पथ पर**—डॉ माथुर ने अपना व्यावसायिक जीवन सन् 1977 ई मे राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला, नई दिल्ली मे वैज्ञानिक-'अ' के पद से प्रारम्भ किया, जहॉ उनकी पदोन्नति सन् 1980 ई मे वैज्ञानिक-'ब' के पद पर हो गई। सन् 1985 ई मे उनका पद वैज्ञानिक-'स' के रूप मे क्रमोन्नत किया गया। सन् 1988 ई से वह वैज्ञानिक-ई 1 के पद पर कार्यरत है।

**पता**—उनका वर्तमान कार्यालयी पता इस प्रकार है—

डॉ आर बी माथुर,<br>
सहायक निदेशक (वैज्ञानिक-ई-1)<br>
कार्बन प्रौद्योगिकी प्रभाग,

राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला
डॉ के एस कृष्णन मार्ग,
नई दिल्ली-110012 (भारत)

**वैज्ञानिक उपलब्धियॉ**—डॉ माथुर ने भारत मे पहली बार कार्बन रेशो के विकास मे सहायक उपकरणो का विकास किया है। सामग्री भार मे हल्की, उच्च शक्ति और कठोरता वाली होती है तथा अन्य किसी पदार्थ की तुलना मे बेजोड विशेषताये रखती है। इसका प्रयोग मुख्यतया प्रतिरक्षा एव आकाशीय अन्तरिक्ष उपयोगो के लिए किया जाता है। वाणिज्यिक रूप से इस सामग्री के उत्पादक विकसित देशो ने विलक्षण कारणो वश भारत को कार्बन रेशो की बिक्री पर जहाजो के बन्दरगाहो पर आने-जाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। अत राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला की प्रणाली द्वारा इस पदार्थ के स्वदेशी विकास का विशेष महत्त्व है।

राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला मे उनके द्वारा विकसित 'फ्लेक्जीबिल (नमनीय) ग्रेफाइट' नामक अन्य प्रौद्योगिकी के व्यापक प्रौद्योगिक उपयोग हैं। वह प्रक्रिया, जिसके लिए उन्हे राष्ट्रीय अनुसन्धान विकास निगम का पुरस्कार प्राप्त हुआ है, का भारत मे कई कम्पनियो द्वारा व्यवसायीकरण किया जा रहा है। अनुज्ञा-पत्र धारको मे से एक इस पदार्थ का निर्यात विकसित देशो को भी कर रहा है।

इसके अलावा डॉ माथुर अन्य कई अनुसन्धान प्रवृत्तियो (प्रायोजनाओ) पर कार्य कर रहे है, जो हमारी पीढी के लिए युद्ध सम्बन्धी (कपट) मामग्री के विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। नवोन उच्च सचालक सामग्रियो के कृत्रिम रूप से निर्माण हेतु भारत-फ्रास सयुक्त प्रायोजनान्तर्गत फ्रासीसी दल के साथ भी वह कार्य कर रहे हे।

**सदस्यता**—डॉ माथुर भारतीय कार्बन सोसायटी के कार्यकारी सदस्य है।

**प्रकाशन**—डॉ माथुर के 35 शोध-पत्र राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो मे अब तक प्रकाशित हो चुके हे। वह अब तक 26 शोध-पत्र सम्मेलनो मे प्रस्तुत कर चुके है।

**प्रक्रियाओ का विकास एव पेटेन्ट**—वह अब तक चार प्रक्रियायें विकसित कर चुके हे, जिनके लिए उन्होने पेटेन्ट भी प्राप्त कर लिए है, जिनमे से तीन प्रक्रियाये उद्योगो को हस्तान्तरित की जा चुकी है। प्राप्त पेटेन्ट और विकसित प्रक्रियाये इस प्रकार है—

1 इम्प्रूव्ड प्रोमेस फोर मेन्यूफेक्चर ऑफ कार्बन फाइबर्स फ्रोम पोलीएक्राइलोनोट्रील फाइबर्स, जी सी जैन, ओ पी बहल एल एम मनोचा, आर बी माथुर और एस एस हसपाल, भारतीय पेटेन्ट सख्या 157508

2 प्रोसेम फोर मेकिग फ्लेक्जीबिल ग्रेफाइट फोइल यूजिग नेचुरल ग्रेफाइट, आर बा माथुर, ओ पी बहल और एस एस हसपाल, भारताय पेटेन्ट सख्या 662/1/88, उद्योगो को हस्तान्तरित।

3 प्रोसेस फोर मेकिग फ्लेम प्रूफ पान फाइवर्स 'पानेक्स', उद्योगो को हस्तान्तरित।

4 प्रोसेस फोर मेकिग कार्बन फाइबर्स फोर ब्रेइडिग एप्लीकेशन।

**सम्मान और पुरस्कार**—डॉ माथुर को टैक्सटाइल ग्रेड पान को कार्बन रेशो मे परिवर्तित करने के उपलक्ष मे राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला पुरस्कार सन् 1978 ई मे प्राप्त हुआ था। जनवरी, 1981 ई से मार्च, 1981 ई तक प्रोफेसर (डॉ ) ई फ्जिर के माथ कार्लस्रुहे विश्वविद्यालय, पश्चिमी जर्मनी मे कार्बन रेशो क धरातलीय उपयोग पर कार्य करने के लिए उन्हे यूनीडो फैलोशिप प्रदान की गई थी। कार्बन रेशो पर किये गये श्रेष्ठ कार्य की मान्यता स्वरूप उन्हे विद्यमान वेतनमान मे योग्यता वृद्धि 1 जून, 1984 ई को स्वीकृत की गई। भारतीय कार्बन सोसायटी द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका 'करेट सब्सट्रेक्ट्स इन कार्बन साइन्स एण्ड टेकनोलॉजी' के वह सम्पादक है। सेटर डे रिर्चचे पॉल पास्कल, सी एन आर एस फ्रान्स के निदेशक द्वारा कार्बन पर उनकी एक शोध प्रायोजन मे सहयोग देने के लिए डॉ माथुर को सितम्बर, 1987 ई से फरवरी, 1988 ई तक 6 माह के लिए आमत्रित किया गया था, जहा उन्होने प्रोफेसर ए मारचन्द और डॉ एस फ्लेड्रोइस के साथ कार्य किया था। सन् 1988 ई मे उन्हे योग्यता के आधार पर वैज्ञानिक ई-1 पद पर पदोन्नत किया गया। टेप और शीट बनाने के लिए 'फ्लेक्जीबिल (लचीले) 'ग्रेफाइट फोइल' के आविष्कार और सफल व्यावसायीकरण के उपलक्ष मे उन्होने राष्ट्रीय अनुसन्धान विकास निगम का गणतत्र दिवस पुरस्कार, 1992 ई मे प्राप्त किया था।

**अभिरुचियॉ**—डॉ माथुर पुस्तको, समाचार-पत्रो, पत्रिकाओ, दूरदर्शन कार्यक्रमो आदि के माध्यम से अपने सभी प्रकार के ज्ञानवर्द्धन हेतु बहुत ही उत्सुक रहते है। उनकी अभिरुचि सगीत, खेलो के दृश्य के अवलोकन एव आध्यात्मवाद मे है।

हम उनके दीघ सुखद एव सम्पन्न जीवन की कामना करते है। वैज्ञानिक जगत् को उनसे बहुत अधिक आशाये और अपेक्षाये है।

❒

# डॉ अनुराग शर्मा

(1955 ई )

**जन्म, बाल्यकाल एव वश परिचय**—श्री शिव शरण शर्मा एव श्रीमती महेन्द्र देवी की सबसे बडी सन्तान डॉ अनुराग शर्मा का जन्म भारत के प्रमुख राज्य उत्तर प्रदश मे बरेली नामक नगर मे 7 मई, 1955 ई को हुआ था। रेलवे मे कार्यरत उनके पिता सुरक्षा सलाहकार (यातायात) के पद से सन् 1985 ई मे सेवानिवृत्त हुए थे। डॉ अनुराग का बाल्यकाल कई विभिन्न स्थानो पर व्यतीत हुआ था, क्योकि उनका परिवार सन् 1958 ई मे बरेली से चन्दौसी (उत्तर प्रदेश), और 1964 ई मे कुरुक्षेत्र (उस समय पजाब मे और आजकल हरियाणा मे), 1968 ई मे चन्दौसी तथा 1968 मे मुरादाबाद चला गया था। उनके सन् 1958 ई मे उत्पन्न श्रीमती अलका एव सन् 1964 ई मे उत्पन्न श्रीमती गीता नामक दो छोटी बहिनें और 1969 ई मे उत्पन्न श्री अनुपम नामक एक अनुज है।

डॉ शर्मा का विवाह सन् 1979 ई मे हुआ था। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ऐनाक्षी खुलर शर्मा भी भारतीय प्रौद्योगिकी सस्थान, दिल्ली से भौतिक विज्ञान मे पी एच डी होने के फलस्वरूप सम्प्रति दिल्ली विश्वविद्यालय दक्षिण परिसर मे इलेक्ट्रोनिक विज्ञान विभाग मे रीडर के पद पर कार्यरत हैं। उनके सन् 1985 ई मे उत्पन्न श्री आयुष एव सन् 1989 ई मे उत्पन्न श्री आकर्ष नामक दो पुत्र हैं।

**शिक्षा-दीक्षा**—डॉ अनुराग शर्मा की प्राथमिक शिक्षा चन्दौसी मे विभिन्न विद्यालयो मे सम्पन्न हुई तथा कक्षा षष्ठम् से अष्टम् तक वह श्रीमद् गीता हाई स्कूल मे अध्ययनरत रहे तथा कक्षा अष्टम की बोर्ड परीक्षा मे उन्होने प्रथम श्रेणी अर्जित की। हाई स्कूल कक्षाओ मे वह नानक चन्द आदर्श हायर सैकण्ड्री स्कूल, चन्दौसी के छात्र रहे तथा सन् 1968 ई मे यू पी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा मे उन्होने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। वर्ष 1968-70 ई मे वह पार्कर इन्टरमीडिएट कॉलेज, मुरादाबाद मे अध्ययनरत रहे और 1970 ई मे यू पी बोर्ड की इन्टरमीडिएट परीक्षा मे उन्होने प्रथम श्रेणी अर्जित की। वर्ष 1968-72 ई मे उन्हे राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति प्रदान की गइ थी। उन्होने हाई स्कूल और इन्टरमीडिएट परीक्षाओ मे सम्बद्ध सस्थाओ मे सर्वाधिक अक प्राप्त किये थे।

अपनी विद्यालयी शिक्षा के उपरान्त डॉ अनुराग ने मुरादाबाद म अपनी शिक्षा जारी रखी तथा भोतिक विज्ञान, गणित ओर रसायन शास्त्र मे स्नातक हान क लिए हिन्दू कॉलज मे प्रवश प्राप्त कर लिया। सन् 1972 इ म उन्होने आगरा विश्वविद्यालय से बी एस सी की उपाधि प्रथम श्रेणी मे प्राप्त की थी। तदुपरान्त भौतिक विज्ञान मे स्नाकात्तर उपाधि हेतु उन्हान जुलाई, 1972 इ मे भारतीय प्रौद्योगिकी सस्थान, दिल्ली म प्रवेश प्राप्त कर लिया ओर इस सस्था स उनका सम्पर्क प्रारम्भ हुआ जो आज तक बना हुआ हे। 1974 ई मे एम एस सी की उपाधि प्राप्त करने के बाद उन्होने भारतीय प्रौद्योगिकी सस्थान, दिल्ली के भोतिक विज्ञान विभाग मे व्यावहारिक दृष्टि विज्ञान विषय म प्रोद्योगिकी म स्नातकोत्तर उपाधि (एम टेक) हेतु प्रवेश प्राप्त कर लिया ओर सन् 1976 ई मे यह उपाधि प्रथम श्रेणी और प्रथम स्थान सहित प्राप्त कर ली। इस पाठ्यक्रम की अवधि मे प्रोफेसर ए के घाटक के साथ उनका घनिष्ठ सम्पर्क हुआ जिन्होने उन्हे फाइबर दृष्टि विज्ञान मे अपना शैक्षिक कार्य जारी रखने की प्रेरणा प्रदान की जो उस समय विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक उदीयमान क्षेत्र था। सन् 1979 ई मे उन्होने उनके तथा डॉ आई सी गोयल के मार्गदर्शन मे पी एच डी की उपाधि प्राप्त की।

**व्यवसाय के पथ पर**—डॉ अनुराग शर्मा ने सन् 1978 ई मे अपना व्यावसायिक जीवन का समारम्भ किया जब उन्होने भारतीय प्रोद्योगिकी सस्थान, दिल्ली के भौतिक विज्ञान विभाग मे रश्मि एकीकरण यत्र (लेसर) प्रयोग कार्यक्रम मे वरिष्ठ शोध सहायक के पद पर अपना कार्यभार ग्रहण किया था और तदुपरान्त सन् 1980 ई मे वह वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (श्रेणी-द्वितीय) बना दिये गये। सन् 1981 ई मे उन्होने भौतिक विज्ञान विभाग सकाय मे व्याख्याता पद का कार्य भार ग्रहण किया और सहायक प्रोफेसर बन गए। सम्प्रति अप्रेल, 1991 ई से वह एसोसिएट प्रोफेसर हे। वह कुमायूँ छात्रावास, भारतीय प्रौद्योगिकी सस्थान, दिल्ली, नई दिल्ली-110016 के अध्यक्ष भी हैं।

**पता**—उनका वर्तमान पता अधोलिखित हे—

डॉ अनुराग शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर<br>
भोतिक विज्ञान विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी सस्थान, दिल्ली<br>
होज खास, नइ दिल्ली-110016 (भारत)

**प्रकाशन**—उनके 40 से अधिक शोध-पत्र जनलो मे 5 से अधिक समीक्षा/शिक्षा सम्बन्धी पत्र तथा 25 स अधिक पत्र राष्ट्रीय ओर अन्तराष्ट्रीय सम्मेलनो मे प्रकाशित हुए हैं।

**सम्मान एव पुरस्कार**— डॉ शर्मा को इन्स्टीट्यूट ऑफ हाइ फ्रिक्वेन्सी टेक्निक्स एण्ड क्वेन्टम इलेक्ट्रोनिक्स, कार्ल्सरूह विश्वविद्यालय (पश्चिमी जर्मनी) मे दृष्टि सम्बन्धी सूत्रो एव तरग मार्गदर्शको पर अनुसन्धान करने के लिए वर्ष 1982–83 ई मे अलेक्जेडर वोन हम्बोल्डट फैलोशिप प्रदान की गई थी। यह शोध फैलोशिप डॉ शर्मा की वैज्ञानिक उपलब्धियो की मान्यता स्वरूप प्रदान की गई थी। सन् 1986 ई मे उन्हे वर्गीकृत प्रदर्शक दृष्टि सम्बन्धी प्रतिबिम्ब तत्रो के प्रारूप एव विकास के लिए एक अपूर्व प्रविधि विकसित करने के उपलक्ष्य मे भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (इन्सा INSA) ने युवा वैज्ञानिक पदक प्रदान कर विभूषित किया था। यह पदक 32 वर्ष से कम आयु वाले युवा वैज्ञानिको को उनके द्वारा किये गये अलौकिक योग्यतापूर्ण अनुसन्धान कार्य की मान्यता स्वरूप प्रदान किया जाता है। सन् 1987 ई मे उन्हे इन्स्टीट्यूशन ऑफ इलैक्ट्रिकल एण्ड टेलिकम्यूनिकेशन इजीनियर्स (इण्डिया) ने सर्वोत्तम शोध-पत्र के उपलक्ष मे एस के मित्रा स्मारक पुरस्कार प्रदान किया था। सन् 1988 ई मे उन्होने सेन्ट्रो स्टडी ए लेबोरेट्री टेली कम्यूनिकेजिओनी, एस पी ए, ट्रिन (इटली) मे मई-दिसम्बर, 1988 ई मे अकेले प्रकार के तन्तुओ पर व्यापक अनुसन्धान के लिए आई सी टी पी शोध फैलोशिप प्राप्त की थी। वर्ष 1988–1993 मे उन्होने इन्टरनेशनल सेन्टर फोर थ्योरिटिकल फिजिक्स (आई सी टी पी ) की एसोसिएट सदस्यता प्राप्त की। आई सी टी पी के एसोसिएट सदस्य विकासशील देशो मे कार्यरत विशिष्ट वैज्ञानिको मे से आई सी टी पी के वैज्ञानिक परिषद द्वारा निर्वाचित किये जाते है। उन्हे वर्ष 1990–1992 के लिए होमी भाभा फैलोशिप प्रदान की गई थी, जिसका उद्देश्य 'अलौकिक प्रतिभावान युवा पुरुषो और महिलाओ को अपेक्षाकृत कम आयु मे अध्ययन, अनुसन्धान, यात्रा और व्यावहारिक प्रशिक्षण द्वारा अपनी योग्यता के विकास हेतु अवसर प्रदान करना है ताकि उन्हे देश को आवश्यक विभिन्न क्षेत्रो मे समय पर नेतृत्व प्रदान करने के लिए सक्षम बनाया जा सके।' वर्ष 1991 ई मे उन्हे थर्ड वर्ल्ड एकेडेमी ऑफ साइन्सेज (टी डब्ल्यू ए एस TWAS) ने माउथ-साउथ फैलोशिप प्रदान की थी जो प्रमाणित योग्यता वाले वैज्ञानिको को अपने देश के अलावा अन्य विकासशील देशो मे अनुसन्धान करने के लिए और/अथवा सहयोगियो के साथ व्याख्याता पद का दायित्व वहन करने के लिए सक्षम बनाने के लिए प्रदान की जाती है। सन् 1991 ई मे भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी ने तन्तु दृष्टि विज्ञान सचार पर उनके कार्य के उपलक्ष मे उन्हे अनिल कुमार बोम स्मारक पुरस्कार प्रदान किया था, जो भौतिक अथवा जैव विज्ञानो के क्षेत्रो मे भारत म किये गये कार्य पर आधारित तथा प्रख्यात जर्नल मे प्रकाशित सर्वोत्तम शाध-पत्र के

लिए 37 वर्ष से कम आयु के इन्सा पदक प्राप्तकर्ता युवा वैज्ञानिको का प्रदान किया जाता है।

**सदस्यता और फैलोशिप**—डॉ अनुराग शर्मा इन्स्टीट्यूट ऑफ इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड टेलिकम्यूनिकेशन इजीनियर्स के फैलो हैं। वह ऑप्टिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया तथा इण्डियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स के आजीवन सदस्य हे। वह ऑप्टिकल सोसायटी ऑफ अमेरिका, वाशिगटन डी सी के सदस्य हैं।

**भारत तथा विदेश मे यात्राये**—डॉ शर्मा ने भारत मे मुख्यतया सम्मेलनो मे अपने पत्र प्रस्तुत करने के लिए अथवा आमत्रित व्याख्यान देने के लिए यात्राये की है। वे सस्थान जहॉ वे गए, मे भारतीय प्रौद्योगिकी सस्थान, मद्रास, केन्द्रीय वैज्ञानिक ओर यात्रिकी सगठन, चण्डीगढ, भारतीय विज्ञान सस्थान, बगलौर, यात्रिकी अनुसन्धान एव विकास सस्थान, देहरादून, तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं।

उनकी प्रथम विदेश यात्रा अलेक्जेडर वोन हम्बोल्डट फैलो के रूप मे पश्चिमी जर्मनी की थी और वहॉ उन्होने इन्स्टीट्यूट ऑफ हाई फ्रिक्वेन्सी टेक्निक्स एण्ड क्वेन्टम इलेक्ट्रोनिक्स, कार्ल्सरूह विश्वविद्यालय मे दिसम्बर, 1982 ई से दिसम्बर, 1983 ई तक लगभग एक वर्ष का समय व्यतीत किया था। वह इस सस्थान मे कई बार सक्षिप्त यात्राओ पर वापस आये जिनमे मई-जुलाई, 1987 की एक यात्रा भी सम्मिलित है। एक अन्य सस्था, जिससे उनका दीर्घकालीन सम्बन्ध है, इन्टरनेशनल सेन्टर फॉर थ्योरिटिकल फिजिक्स (आई सी टी पी ICTP), ट्रीस्ट (इटली) है। आई सी टी पी को उनकी पहली यात्रा जनवरी-मार्च, 1986 ई मे दृष्टि सम्बन्धी तन्तु सचार पर कार्यगोष्ठी मे भाग लेने के लिए की गई थी। कालान्तर मे आई सी टी पी की फैलोशिप पर उन्होने सेन्ट्रो स्टडी ए लेबोरेट्री टेलिकम्युनि कोजिओनी, ट्ररिन (इटली) मे मई-दिसम्बर, 1988 तक का लम्बा समय व्यतीत किया। सन् 1988 ई मे उन्हे आई सी टी पी की एसोसिएटशिप प्रदान की गई थी और लेसर्स एण्ड ऑप्टिकल फाइबर्स पर कार्यगोष्ठी मे भाग लेने के लिए जनवरी-मार्च 1990 ई मे वह केन्द्र मे गए। जून-जुलाई, 1991 ई मे उन्होने एक माह का समय थर्ड वर्ल्ड एकेडेमी ऑफ साइन्सेज की फैलोशिप के अन्तर्गत निटरोइ विश्वविद्यालय (ब्राजील) मे व्यतीत किया। इन यात्राओ के अलावा अप्रैल 1984 और अप्रैल, 1991 मे सम्मेलनो मे भाग लेने के लिए सयुक्त राज्य अमेरिका गए। इन अवसरो पर उन्होने इन्स्टीट्यूट ऑफ ऑप्टिक्स (रोचेस्टर विश्वविद्यालय), नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ स्टेण्डर्ड्स एण्ड टेक्नोलोजी, बाउल्डर और फ्लोरिडा विश्वविद्यालय, गेनेस्विले का अवलोकन किया और व्याख्यान प्रस्तुत किये। उन्होने

सेन्टे एटिने विश्वविद्यालय (फ्रास) और पैडोवा विश्वविद्यालय (इटली) का भी अवलोकन किया था।

**अनुसन्धान काय**—डॉ शर्मा सन् 1975 ई से दृष्टि सम्बन्धी तरग के मार्गदर्शन करने और प्रतिबिम्ब निर्माण के लिए उपयोगो सहित विद्युत धारा प्रवाह को रोकने वाले साधन (मीडिया) के माध्यम से विद्युत चुम्बकीय तरग उत्पादन के अध्ययन मे प्रवृत्त है। कार्य का बल लाभदायक प्रतिदर्शो और कुशल सख्यात्मक विधियो और इन उपयोगो हेतु प्रयोगात्मक प्रविधियो पर है। कार्य 4 समीक्षा पत्रो सहित 40 से अधिक प्रकाशनो और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो मे दो आमत्रित पत्रो सहित कई सम्मेलन-पत्रो के रूप मे प्रतिफलित हुआ है।

**देने—**

1 **ग्रेडिएन्ट इन्डेक्स (ग्रिन) इमेजिग सिस्टम्स**—उन्होने दृष्टि सम्बन्धी ग्रिन प्रणालियो के प्रारूप और विश्लेषण मे निहित प्रत्येक चरण के लिए नई विधियो एव एलगोरिद्म्स का विकास किया है। इस प्रविधि का प्रयोग अब सम्पूर्ण विश्व मे इस क्षेत्र मे प्रवृत्त सभी प्रमुख अनुसन्धान और विकास केन्द्रो द्वारा किया जाता है और इस कार्य हेतु वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध दो पैकेजो मे किया जाता है। इस कार्य के उपलक्ष मे उन्हे सन् 1986 ई मे भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (इन्सा) का युवा वैज्ञानिक पदक और सन् 1987 ई मे एस के मित्रा स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया था। उन्हे दो बार अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो मे इस कार्य को प्रस्तुत करने के लिए भी आमत्रित किया गया है।

2 **सिगल मोड फाइबर्स (एक ही प्रकार के रेशे) और वेव गाइड्स (तरग मार्गदर्शन)**— उन्होने सिगल मोड फाइबर्स (एक ही प्रकार के रेशो) के लिए पहला नोन-गेसियन प्रतिदर्श विकसित किया है जो इन रेशो के गुणो की प्राप्ति हेतु व्यापक रूप से प्रयोग किया गया है। उन्होने (1) परिमाण सम्बन्धी समकक्ष पार्श्वदृश्य हेतु (2) एक नवीनतम विधि सहित परिमाण सम्बन्धी पार्श्व-दृश्यीय तरग-मार्गदशको जो सम्भावित सर्वोत्तम 1-परिमाण सम्बन्धा पाश्वदृश्य प्रदान करती है, को प्राप्त करने के लिए सरल प्रतिदर्शो/विधियो का विकास किया हे। ये 1-परिमाण सम्बन्धी पार्श्वदृश्य दृष्टि सम्बन्धी रेशा प्रतिदर्श और एकीकृत दृष्टि सम्बन्धी साधनो तथा व्यावहारिक

प्रयोग के सर्किटो (बिजली की धाग का मण्डलाकार पथ) क लिए बहुत लाभदायक है।

3 **ए न्यू टोटल फील्ड मेथड ( एक नवीन सम्पूर्ण क्षेत्र विधि )**—हाल के वर्षो मे, टोटल फील्ड मेथड्स (सम्पूण क्षेत्र विधियॉ) विश्लेषण करने के लिए और आदर्श रेशा ओर तरग-मार्गदशक विधियो क लिए बहुत लोकप्रिय हुआ है। तथापि सन् 1975 ई से केवल एक विधि-बीम प्रोपेगेशन मेथड (बी पी एम ) उपलब्ध हो चुकी है। हाल मे ही उन्होने इम कार्य हेतु एक नई प्रविधि विकसित की है जो सख्यात्मक रूप से बी पी एम से अत्यधिक कुशल है। इससे भी आगे, बी पी एम से भिन्न इस नई प्रविधि को इच्छानुसार अचूक एव शुद्ध बनाया जा सकता है। इस पर प्राप्त प्रथम परिणामो को हाल मे ही जनवरी, 1989 ई मे प्रकाशित किया गया है। इस विधि का बहुत स्वागत हुआ हैं और पेरिस विश्वविद्यालय मे स्नातकोत्तर स्तर का एक शोध प्रबन्ध पूर्णतया इस पर आधारित किया गया है। इस विधि का प्रयोग राष्ट्रीय मानक एव प्रौद्योगिकी सस्थान, बाउल्डर (यू एस ए ) ओर टेम्पर विश्वविद्यालय (फिनलैड) मे शोधकर्त्ताओ द्वारा किया गया है।

4 **सगणक नियत्रित परिमाप एव एक ही प्रकार के रेशो के लिए विश्लेषण प्रविधि का विकास**—रेशे के अन्त चेहरे से सुदूर-क्षेत्र स्थित का परिमाप एक ही प्रकार के रेशो के गुणो को स्पष्ट करने के लिए सर्वोत्तम विधि है। तथापि सभी अनुरूप रेशे के गुणो को प्रकट करने के लिए प्राप्त ऑकडो का विश्लेषण भी कठिन हो गया है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होने पूर्णतया नई प्रविधि का विकास किया है और हाल मे ही यह दिखलाया है कि सामान्यतया उपलब्ध सक्षिप्त सगठन की सहायता से कोई भी सभी वाछित गुण प्राप्त कर सकता है जिनमे स्थानान्तरित छिन्न-भिन्नकरण और छिन्न-भिन्न करण समतल किये रेशो के भी प्रत्यावर्तन सम्बन्धी सूची पार्श्वदृश्य सम्मिलित हैं जो प्राप्त करने के लिए सबसे कठिन तथ्य (राशियॉ) हैं।

❐

# डॉ बिश्वजीत चक्रवर्ती

( 1958 ई )

**जन्म एव वश परिचय**—डॉ बिश्वजीत चक्रवर्ती का जन्म 4 मई, 1958 ई को वाराणसी मे हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय श्री देव व्रत चक्रवर्ती भारतीय जीवन बीमा निगम मे अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे थे। उनकी माताजी का नाम श्रीमती ज्योत्स्ना चक्रवर्ती है। उनके दो बहिने तथा चार भाई है जो सभी सुशिक्षित हैं तथा उन्होने अपने-अपने विभिन्न क्षेत्रो मे बडी ख्याति अर्जित की है। उनके पितामह स्वर्गीय श्री प्रिया नाथ चक्रवर्ती सन् 1947 ई मे भारत विभाजन के समय वर्तमान बग्ला देश से वाराणसी चले आए थे। उनकी दादाजी का नाम स्वर्गीय श्रीमती सिन्धु बाला देवी था। उनका विवाह श्रीमती जोयिता चक्रवर्ती के साथ 17 जनवरी, 1993 ई को सम्पन्न हुआ है।

**शिक्षा-दीक्षा**—बिश्वजीत चक्रवर्ती ने सन् 1978 ई मे बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान (ऑनर्स), गणित एव रसायनशास्त्र विषय लेकर बी एस सी (ऑनर्स) परीक्षा प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण की। सन् 1980 ई मे उन्होने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रोनिक्स एक विशेष विषय लेकर भौतिक विज्ञान मे एम एस सी परीक्षा प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण की। सन् 1990 ई मे उन्होने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से पी एच डी की उपाधि प्राप्त की। उनके शोध का विषय था 'अन्डर वाटर एकोसटिकस-भूगर्भीय जल ध्वनिको (श्रवणिको)।'

**व्यवसाय के पथ पर**—डॉ चक्रवर्ती 14 मार्च, 1983 से 14 सितम्बर, 1983 ई तक राष्ट्रीय सामुद्रिक विज्ञान सस्थान मे प्रशिक्षु वैज्ञानिक रहे। 14 सितम्बर, 1983 से 27 सितम्बर, 1988 ई तक वह राष्ट्रीय सामुद्रिक विज्ञान सस्थान मे वैज्ञानिक 'ब' के पद पर कार्यरत रहे, जब उनकी पदोन्नति वैज्ञानिक 'स' के पद पर हो गई। इस पद पर वह अभी तक कार्यरत हैं।

**पता**—उनका वर्तमान कार्यालयी पता इस प्रकार है—

वैज्ञानिक 'स'<br>
भूगर्भीय सामुद्रिक विज्ञान सभाग<br>
राष्ट्रीय सामुद्रिक विज्ञान सस्थान<br>
डोना पोला, गोआ-403004 (भारत)

उनका वर्तमान आवासीय पता इस प्रकार हे—

एस ए एस -4 एन 10, क्वार्टर्स

डोना पोला-403004

**सदस्यता और फैलोशिप**—डॉ चक्रवर्ती इन्स्टीट्शन ऑफ इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड टेलिकम्यूनिकेशन इजीनियर्स, इण्डिया के सदस्य (एम आइ इ टी ई ) हैं। वह एकोसटिकल सोसायटी ऑफ अमेरिका के भी सदस्य हैं।

उन्हे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत ने कनिष्ठ शोध फेलोशिप प्रदान की थी। इस फैलोशिप के अन्तर्गत उन्होने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग मे कनिष्ठ शोध फैलो के पद पर कार्य किया था।

**पुरस्कार**—भूगर्भीय जल ध्वनिको के प्रति उनकी देन के उपलक्ष मे वैज्ञानिक एव औद्योगिक अनुसन्धान परिषद (सी एस आई आर ) का युवा वैज्ञानिक पुरस्कार वर्ष 1992 डॉ चक्रवर्ती को प्रदान किया गया था।

**विदेश भ्रमण**—डॉ चक्रवर्ती 17 अक्टूबर, 1989 से 8 दिसम्बर, 1989 ई तक सघीय गणराज्य जर्मनी मे मैसर्स क्रुप एटलस इलेक्ट्रोनिक जीएमबीएच के यहॉ मल्टीबीम सोनर सिस्टम पर प्रशिक्षणार्थ प्रतिनियुक्ति पर रहे। वह 18 जनवरी, 1990 से 24 माच, 1990 ई तक ओ आर वी सागर कन्या नामक जलयान पर 'जल गति से चलने वाली प्रणाली—हाइड्रोस्वीप सिस्टम' की स्थापना के निरीक्षणार्थ सघीय गणराज्य जर्मनी मे प्रतिनियुक्ति पर रहे। अप्रैल, 1983 से मई, 1983 ई तक वह सघीय गणराज्य जर्मनी से माल्टा तक ओ आर वी सागर कन्या पर उसकी प्रथम परीक्षण सामुद्रिक यात्रा के समय जलयान के ऊपर साजसज्जा के सम्बन्ध मे जहाज के ऊपर प्रशिक्षण हेतु रहे। जुलाई, 1985 ई मे ओ आर वी सागर कन्या की 16वी सामुद्रिक यात्रा के समय वह मौरीशस गए। उन्हे 500 सामुद्रिक दिनो तक जहाज के ऊपर रहने का अनुभव प्राप्त है।

**अनुसन्धान कार्य**—डॉ चक्रवर्ती के अनुसन्धान का विशिष्ट क्षेत्र भूगर्भीय जल ध्वनिको हे। 24 अगस्त, 1988 ई को उन्होने साहा आणविक भौतिकी सस्थान, कलकत्ता मे आयोजित युवा वैज्ञानिको के छठे सम्मेलन मे आमत्रित भाषण प्रस्तुत किया था। उन्हे प्रोफेसर जे जी विलियम्स, प्राध्यापक सूचना विज्ञान, पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय, यू एस ए ने 'एनसाइक्लोपीडिया ऑफ कम्प्यूटर साइन्स एण्ड टेक्नोलोजी' तथा 'एनसाइक्लोपीडिया ऑन माइक्रो कम्प्यूटर,' पब्लिशर्स मार्सेल डेडकर कम्पनी, न्यूयार्क, सम्पादकगण प्रोफेसर एलन केन्ट और प्रोफेसर जे

जी विलियम्स के लिए ''ट्रान्सड्सर्स-परिवर्तनकारी'' पर लगभग दस हजार शब्दो का एक आलेख हेतु आमत्रित किया गया था।

**प्रकाशन**—डॉ चक्रवर्ती के अब तक राष्ट्रीय एव अन्तर्राष्ट्रीय प्रख्यात जर्नलो मे 26 से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।

**अभिरुचियॉ**—उनकी अभिरुचियॉ खेलकूद सम्बन्धी पत्रिकाओ/जर्नलो को पढना तथा रवीन्द्र सगीत सुनना है।

**महत्त्वपूर्ण देने**—सतह के नीचे जल के बाथिमीट्रिक (समुद्र की गहराई नापने का यत्र) (महासागर की गहराई का मापन और चित्रण) हेतु ट्रासड्यूसर्स एरेज (आर-पार ले जाने वाली व्यूह-विधियो) का सम्पूर्ण अध्ययन किया गया है। उपतल पार्श्व-दृश्यता के साथ-साथ प्रतिशब्द समुद्र की गहराई नापने जैसे उपयोगो के लिए उपयुक्त कोक्सीअल सर्कूलर एरे (coaxial circular array) नामक एक अति विशिष्ट प्रकार की व्यूह-विधि हेतु प्रस्ताव प्रकाशित किया था। ज्यामिति एव उसके कार्य अध्ययन की ऐसी व्यूह-विधि के पीछे मुख्य विचार यह देखना था कि एक ही व्यूह-विधि ज्यामिति विभिन्न घटना क्षेत्रो के लिए प्रभावपूर्ण रूप से प्रयुक्त की जा सकती है। ऐसी ब्यूह-विधि के सुदूर-क्षेत्र घटना के अनुभव इसके उच्च विश्लेषण उपयोगो की उपयुक्तता प्रमाणित करते हैं।

उपरोक्त प्रकार की व्यूह-विधि के लिए विभिन्न पार्श्व-गोल-अवरोध प्रविधियो और व्यूह-विधियो के विभिन्न तत्त्वो की उत्तेजक चालो की गणना हेतु अध्ययन किया गया है। व्यूह-विधि की सुडौल सरचना के कारण उत्तेजक चाले व्यूह-विधि के प्रत्येक चक्र मे समान होती है जो कार्यान्वयन के दृष्टिकोण से कठोर धातु के पात्र की मिश्रिताओ को कम करती है। एक गुणात्मक ब्यूह-प्रविधि का प्रयोग किया गया था और एक पार्श्व-गोल-अवरुद्ध विकिरण का प्रारूप किया गया था, जो उच्च विश्लेषण बाथिमीट्रिक उपयोगो के लिए बहुत लाभप्रद पाई गई थी। व्यूह-विधि मे विभिन्न स्थानो पर रखे गए आर-पार ले जाने वाले तत्त्वो के मध्य पारस्परिक कार्य-सम्बन्ध के प्रभाव की गणना के लिए एक बहुत कुशल विधि तैयार की गइ है। पारस्परिक कार्य-सम्बन्धो की गणनाओ का प्रस्तावित उपाय केवल गणना के समय को ही नही बचाता है, अपितु यह सत्यता (शुद्धता) को भी बनाये रखता है।

बालू, चिकनी मिट्टी और जल-धारा से एकत्रित हुए रेत जैसे विभिन्न प्रकारो के लहराते समुद्र के धरातल से ध्वनि-सकेत के बिखराव का अध्ययन किया जाता है, जब उनका सामना बल्ली जैसी आकृतियो से होता है जो विभिन्न घटनाओ पर कौक्सीअल सर्कूलर एरे द्वारा उत्पन्न होता है। उपरोक्त अध्ययन

विभिन्न तल-प्रकारो से प्रतिध्वनि अस्थिरताओ, प्रतिध्वनि तरग-स्वरूप ओर प्रतिध्वनि-ऊर्जा घनत्वा क अवलोकन के साधनो द्वारा किया गया था। समुद्र तल की विशेपताओ के गुणात्मक एव सख्यात्मक पहलुओ की निश्चितता क लिए ध्वनि प्रसस्करण प्रविधियो को प्रारम्भ करने के लिए एसे अध्ययन अनिवाय हैं।

ध्वनि तरगो से सम्बद्ध (sonar) मचो और आवश्यक नियत्रणओ की स्थिरता ध्वनि तरगो से सम्बद्ध उपयोगो के लिए भलीभॉति ज्ञात ह। बल्ली-प्रारूपो का सचालन आकार मापन प्रणाली द्वार मापित आकार सूचना के अनुसार आवश्यक है। बल्ली निर्देशन के शोधन के लिए सही-सही आकार का अनुमान लगाने के लिए योग्य छन्ना प्रणाली का उपयोग आजकल किया जा रहा है।

अन्त मे यह कहा जा सकता है कि कइ सरलीकृत प्रविधियॉ उपरोक्त अध्ययनो मे प्रस्तावित की गइ है जो सतह के नीचे जल के ध्वनिशास्त्र (acoustics) के क्षेत्र मे आगे कार्य हेतु क्षेत्र प्रदान कर रही है। प्रतिध्वनि की विशेषताओ और मचीय स्थिरता जैसी समस्याओ और कोक्सीअल सर्कूलर एरे के लिए प्रयुक्त सिद्धान्त विभिन्न व्यूह-विधि ज्यामितियो के लिए लाभप्रद हैं। उपरोक्त कार्य मे वर्णित सिद्धान्त और सभावित उपयोग व्यूह-विधि तथ्यो (राशियो) के निश्चय हेतु व्ययसाध्य प्रयोगात्मक परीक्षणो को वास्तव मे कम कर सकते हैं।

**सम्बद्ध आधारभूत और व्यावहारिक क्षेत्र मे देनो का प्रभाव**—वर्तमान कार्य सेद्धान्तिक किस्म का है किन्तु उपयोगो की दृष्टि से इसका क्षेत्र विशाल और शक्य है।

सतह के नीचे जल के ध्वनि-शास्त्र का दो महत्त्वपूर्ण क्षेत्रो मे अध्ययन प्रारम्भ करने की योजना बनाई गई है। प्रथमत बहुबल्ली ध्वनि तरग से सम्बद्ध प्रणाली (मल्टी बीम सोनर सिस्टम) हेतु उच्च विश्लेषण बल्ली निर्माण प्रविधियो के विभिन्न पहलुओ का अध्ययन एक जारी रहने वाला कार्य है। सस्थान ने मल्टी बीम सोनर सिस्टम (मैसर्स क्रुप एटलस जी एम बी एच एफ आर जी की मार्फत हाइड्रोस्वीप सिस्टम) उपाजित कर लिया है जिसे ओ आर वी सागर कन्या नामक जहाज पर पहले ही स्थापित कर दिया गया है और आजकल यह यत्र पोलीमेटलिक (बहुत-सी धातुओ) नोड्यूल (गुल्म) प्रायोजना के अन्तर्गत नोड्यूल (गुल्म) क्षेत्र मे समुद्र तल के चित्राकन कार्य मे सलग्न है। अन्य बहु-बल्ली की तरह हाइड्रो स्वीप सिस्टम बल्ली सचालन कार्य के लिए डिजिटल मल्टी बीम स्टियरिंग (डी आइ एम यू एस ) प्रविधि का प्रयोग करते हुए प्रणालियो का उपयोग करता हैं। विभिन्न उच्च विश्लेषण बल्ली निर्माण प्रविधियो के सेद्धान्तिक पहलुओ का अध्ययन करने का निश्चय किया गया हे जो बढे हुए सकेत प्रसस्करण की

गतिविधि के साथ ट्रासड्यूसर एरे के सापेक्षिक अल्प परिमाप का ध्यान रखता है। प्रविधियॉ है—मल्टीप्लिकेटिव एरे मेथड्स, मेक्सिमम लाइक्लीहुड मेथड (एम एल एम ) मेक्सिमम इन्ट्रोपी मेथड (एम ई एम ) आदि। कालान्तर मे इन सैद्धान्तिक अध्ययनो की सत्यता को प्रणाली मे धातु के सामान के छोटे-मोटे सशोधन करके हाइड्रोस्वीप सिस्टम की सहायता से जॉचा जा सकता है।

अध्ययन का परवर्ती भाग समुद्र तल के पिछले बिखराव पहलुओ से सम्बन्धित होगा। समुद्र तल के साथ ध्वनिशास्त्र सम्बन्धी सकेतो के पारस्परिक कार्य के कारण पिछले विखराव के प्रभाव घोषित किये जाते है और चित्राकन प्रणाली के कार्य को खास तौर से उस समय जब तल उथला होता है, प्रभावित करता है। जब मल्टी बीम सोनर सिस्टम का प्रयोग क्षेत्रीय चित्राकन के लिए किया जाता है, तो बिखराव का प्रभाव प्रभावपूर्ण होना चाहिए।

अत इस अध्ययन मे विद्यमान हाइड्रोस्वीप सिस्टम के प्रयोग को न केवल अधिकतम प्रभावी बनाकर मल्टी बीम प्रविधियो पर कार्य जारी रखना प्रस्तावित किया गया है बल्कि यह मल्टी बीम सोनर सिस्टम के विकास मे भी महत्त्वपूर्ण रूप से योगदान मे सहायता करेगा।

❐

# प्रोफेसर एस आर शेनोय

**शिक्षा**—प्रो सुबोध आर शेनोय ने 1968 इ मे लन्दन विश्वविद्यालय से बी एस सी की उपाधि, येल विश्वविद्यालय, न्यू हेवन, कोन, यू एस ए से 1970 इ मे एम फिल , और 1973 ई मे पी एच डी की उपाधि प्राप्त की।

**व्यावसायिक जीवन**—उन्होने यूनिवसिटी ऑफ फ्लोरिडा, टम्पा, यू एस ए मे 1973-74 इ मे अन्तरिम सहायक प्रोफेसर क पद पर काय किया। 1974-75 ई मे वह टाटा इस्टीट्यूट ऑफ फन्डामेटल रिसर्च बम्बई के विजिटिग सदस्य रहे। 1975 से 1977 ई तक वह डी ए ई सहायता प्राप्त भौतिकी सस्थान, भुवनेश्वर मे व्याख्याता थे। वह हैदराबाद विश्वविद्यालय मे 1977-79 मे व्याख्याता तथा 1979 से 1986 ई तक रीडर के पद पर कार्यरत रह। आजकल 1986 ई से वह भौतिकी पीठ, हैदराबाद विश्वविद्यालय मे प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

**पता**—उनका वर्तमान पता इस प्रकार है—

प्रोफेसर एस आर शेनोय,

भौतिकी पीठ, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद-500134, भारत

**शोध अभिरुचि**—उनकी शोध अभिरुचि 'सैद्धान्तिक सक्षिप्त पदार्थ भौतिकी' मे है।

**सदस्यता और फैलोशिप**—उन्होने 1988 ई मे अलैक्जेडर वोन हम्बोल्टन फैलोशिप जर्मनी मे प्राप्त की। सन् 1984 से 1990 ई तक वह इन्टरनेशनल सेटर फॉर थ्योरिटिकल फिजिक्स, ट्रीस्ट के एसोसिएट सदस्य रहे। सन् 1992 ई मे वह भारतीय विज्ञान अकादमी, बगलौर के फैलो निर्वाचित किये गये।

**पुरस्कार**—सन् 1992 ई मे उन्होने वैज्ञानिक ओर औद्योगिक अनुसन्धान परिषद का शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कार प्राप्त किया।

❐

# प्रोफेसर एच सी पी शेट्टी
(1930 ई )

**जन्म एव वश परिचय**—स्वर्गीय श्री एम कृष्णय्या एव स्वर्गीय श्रीमती पुत्तम्मा शेट्टी के सुपुत्र प्रोफेसर एच सी पी शेट्टी का जन्म 17 मई, 1930 ई को कर्नाटक राज्य मे दक्षिण कन्नड जिले मे ब्रह्मावर नामक स्थान पर हुआ था। उनके पिता जमीदार और प्रालेख लेखक थे। उनकी माता गृहिणी थी। उनकी सहधर्मिणी श्रीमती मनोरमा सी शेट्टी है। उनके कैप्टन प्रेम कुमार शेट्टी एव डॉ प्रभात कुमार एम डी एस सहायक प्रोफेसर दन्त विज्ञान सस्थान, मगलौर नामक दो पुत्र तथा श्रीमती मजुला शेट्टी बी एस सी , डी बी एम नामक एक पुत्री है।

**शिक्षा**—प्रो शेट्टी ने मद्रास विश्वविद्यालय से प्राणी-विज्ञान, वनस्पतिशास्त्र और कीट-विज्ञान मे एम ए तथा मत्स्य विज्ञान, सामुद्रिक जीवन विज्ञान, पारिस्थितिक विज्ञान एव शरीर रचना विज्ञान मे एम एस सी परीक्षाये उत्तीर्ण कीं।

**व्यवसाय के पथ पर**—डॉ शेट्टी ने विभिन्न पदो पर कार्य किया जैसे 1 5 वर्ष से अधिक समय (1956-57) तक केन्द्रीय अन्तर्देशीय मत्स्य अनुसन्धान सस्थान, भारत सरकार मे विभिन्न पदो पर, सन् 1958 से 1962 ई तक महानदी के नदीमुख मत्स्य अन्वेषण, उडीसा के प्रभारी अधिकारी, सन् 1962 ई से 1965 ई तक केन्द्रीय अन्तर्देक्षीय मत्स्य अनुसन्धान सस्थान, कलकत्ता के अन्तर्गत भारत के प्रथम मत्स्य प्रालेखन केन्द्र के प्रथम प्रभारी अधिकारी, सन् 1965 ई से 1971 ई तक सम्पूर्ण देश मे शाखाओ के विस्तार के साथ केन्द्रीय अन्तर्देशीय मत्स्य अनुसन्धान सस्थान के रिवेराइन एव लकुस्ट्राइन सभाग के वरिष्ठ अनुसन्धान अधिकारी और अध्यक्ष, सन् 1971 ई मे केन्द्रीय अन्तर्देशीय मत्स्य अनुसन्धान सस्थान मे वरिष्ठ मत्स्य वैज्ञानिक एव प्रायोजना सयोजक, दिसम्बर, 1971 ई से विश्वविद्यालयी सेवा से सेवानिवृत्ति तिथि 31 मई, 1990 ई तक निदेशक शिक्षण (मत्स्य) कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, मगलौर, कर्नाटक।

केन्द्रीय अन्तर्देशीय मत्स्य अनुसन्धान सस्थान मे कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वह लगभग दो वर्ष तक विभिन्न स्थानो पर अध्यापन व्यवसाय मे प्रवृत्त रहे। वर्ष 1977-78 ई मे वह सयुक्त राष्ट्र सघ के खाद्य और कृषि सगठन (एफ ए ओ ), रोम मे जल-जन्तु सवर्धन (ऑक्वाकल्चर) परामशद के पद पर कार्यरत रहे।

मेवानिवृत्ति के उपरान्त वह जुलाइ 1990 इ से जून 1991 इ तक सयुक्त राष्ट्र सघ के खाद्य और कृषि सगठन की 'सामुद्रिक कृषि विकास एव प्रदशन' प्रायोजना मे वरिष्ठ जल-जन्तु सवद्धनविद (ऑक्वाकल्चरिस्ट) (अनुसन्धान और प्रशिक्षण), बैकाक, थाइलेड के पद पर तथा जुलाई, 1991 से फरवरी 1992 ई तक फ्नोमपेन्ह कम्बोडिया म कम्बाडिया सरकार के मत्स्य सलाहकार क पद पर कार्यरत रहे। इस अल्प काल मे उन्होने कम्बाडिया के लिए दो वृहत् मत्स्य प्रयोजनाओ को विकसित करने के लिए नवम्बर, 1991 ई मे अन्तर्राष्ट्रीय मेकोग समिति, बैकाक के अन्तर्देशीय मत्स्य पकड कायक्रम के सलाहकार के पद पर कुछ समय तक परामर्श कार्य भी सम्पन्न किया। सम्प्रति वह मई, 1990 ई से एशियाई मत्स्य परिषद (एशियन फिशरीज सोसायटी) के भारतीय स्कन्ध के अध्यक्ष हैं।

**पता**—उनका वर्तमान पता इस प्रकार है—

प्रो एच पी सी शेट्टी,<br>
अध्यक्ष, भारतीय स्कन्ध, एशियाई मत्स्य परिषद्,<br>
"दीपिका", पाइस हिल, कपीकाड,<br>
मगलौर—575004, कर्नाटक, भारत

**सदस्यता**—वर्ष 1986-89 इ मे वह एशियाई मत्स्य परिषद, मनीला के पार्षद रहे। वह मत्स्य व्यवसायी सघ, मगलौर, भारत के सस्थापक सभापति, एशियाई मत्स्य परिषद के भारतीय स्कन्ध के सस्थापक अध्यक्ष, भारतीय अन्तर्देशीय मत्स्य परिषद, बैरकपुर, भारत, नेशनल एकेडेमी ऑफ इण्डिया, इलाहाबाद, भारत, कृषि प्रौद्योगिकीविद सस्थान, बगलौर, भारत, तथा मत्स्य प्रौद्योगिकीविद परिषद (भारत) के सदस्य है।

वह सन् 1963 ई मे भारत सरकार द्वारा नियुक्त मत्स्य बीज समिति के सदस्य-सयुक्त सचिव तथा सन् 1966 ई मे प्रकाशित विशद प्रतिवेदन का प्रारूप तैयार किया था, भारत सरकार के राष्ट्रीय कृषि आयोग की अन्तर्देशीय मत्स्य उपसमिति, भारत सरकार की विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय अनुसन्धान और शिक्षा समिति के आयोजना समूह, और सजीव सामुद्रिक ससाधनो पर समूह का प्रतिवेदन तैयार किया, मत्स्य और जल-जन्तु विज्ञान मे स्नातकोत्तर प्रारम्भ करने के लिए केरल विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त एडहाक समिति, कृषि अनुसन्धान सेवा के लिए मत्स्य विज्ञान मे प्रतियोगी परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम निर्धारण हेतु कृषि वैज्ञानिको के भर्ती मण्डल (भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद-आइ सी ए आर) द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ-दल, तीन वैकल्पिक विषयो मे से एक को व्यावहारिक

विषय के रूप मे ममाविष्ट करने के लिए आवश्यकता के आधार पर बी एस सी के लिए विषयो के चयन समूह का निर्धारण करने हेतु एव उनके लिए पाठ्यक्रम निर्धारण हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति, उडीसा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा उस विश्वविद्यालय मे मत्स्य सकाय हेतु आयोजना तैयार करने हेतु गठित विशेषज्ञ समिति, और पाठ्यक्रम निर्धारण और शिक्षण योजना मे सहायता दी, कर्नाटक विश्वविद्याल्य की सामुद्रिक जीव विज्ञान एडहाक समिति सन् 1978 ई मे भारतीय राष्ट्रीय सहकारी सघ, मगलौर प्रयोजना केन्द्र की समन्वय समिति, भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के मत्स्य अनुसन्धान और विकास सघ, सन् 1983 ई मे भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद की अधिष्ठाता समिति, वर्ष 1984-87 ई मे भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद सोसायटी, कृषि अनुसन्धान सेवा मे मत्स्य विज्ञान को विशिष्ट सक्षिप्त विषय के रूप मे शामिल किये जाने हेतु भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद समिति, सन् 1986 ई मे कर्नाटक मे घोषित सामुद्रिक मत्स्य अकाल पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा नियुक्त एक सदस्यीय आयोग, सन् 1988 ई मे मैसर्स हरिहर पॉलीफाइबर्स, रानेबेन्नूर, कर्नाटक की धाराओ द्वारा नदी के तथाकथित प्रदूषण पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ दल, गुजरात मे मत्स्य महाविद्यालय की स्थापना हेतु विशेषज्ञ समिति, आन्ध्रप्रदेश विज्ञान और प्रौद्यिगिकी परिषद आन्ध्रप्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त मत्स्य नियत्रण दल, वर्ष 1976-78 ई मे विज्ञान सकाय, केरल विश्वविद्यालय, त्रिवेन्द्रम, 1975 ई मे केरल कृषि विश्वविद्यालय का निरीक्षण करने वाले तृतीय भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के दल, केरल कृषि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत केरल मे मत्स्य महाविद्यालय प्रारम्भ करने की सम्भावना पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए 1978 इ मे नियुक्त भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के निरीक्षक-दल, सन् 1983 ई मे केन्द्रीय मत्स्य शिक्षा सस्थान के लिए भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के पचवर्षीय समीक्षा दल, सन 1983 ई मे पणजी, गोआ मे बम्बई विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर केन्द्र हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निरीक्षण-दल, सन् 1983 ई मे कोकण कृषि विद्यापीठ के अन्तर्गत मत्स्य महाविद्यालय, रत्नागिरि के लिए भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के अधिकृत दल, सन् 1982 ई मे उडीसा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अन्तर्गत मत्स्य महाविद्यालय हेतु भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के अधिकृत दल, वर्ष 1973-76 ई मे भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के मत्स्य अनुसन्धान हेतु वैज्ञानिक दल, 1973-76 ई मे भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के पशु-विज्ञान शिक्षा हेतु वैज्ञानिक दल 1976 ई से 1982 ई तक भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के कृषि शिक्षा हेत् वैज्ञानिक दल मैसूर जर्नल ऑफ

एग्रीकल्चरल साइन्सेज, बगलोर, भारत और इन्टरनेशनल जनल ऑफ एकेडेमी ऑफ इक्थायोलोजी, मोदीनगर, भारत के सम्पादक मण्डल के सदस्य रहे।

डॉ शेट्टी कर्नाटक सरकार के मत्स्य सलाहकार मण्डल के सदस्य, मत्स्य अधिकारियो के पदो पर आशार्थियो क चयन हेतु सघीय लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के सलाहकार, सन् 1976 ई से भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद, नई दिल्ली के कृषि वैज्ञानिक भर्ती मण्डल की चयन समिति/मूल्यॉकन समिति के अध्यक्ष/सदस्य, कृषि मत्रालय, भारत सरकार की सामुद्रिक ससाधन प्रबन्धन हेतु उच्चाधिकार प्राप्त समिति, सन् 1986 ई से पर्यावरण मत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय जल प्रदूषण नियत्रण एव रोकथाम मण्डल, कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, कर्नाटक राज्य की पाठ्यक्रम मण्डल, शैक्षिक परिषद, शोध परिषद, विस्तार शिक्षा परिषद और कई अन्य समितियो, मैसूर विश्वविद्यालय के जैव विज्ञानो के पाठ्यक्रम मण्डल, आन्ध्रविश्वविद्यालय, वाल्टेयर, आन्ध्र प्रदेश की सामुद्रिक विज्ञान सकाय के पाठ्यक्रम मण्डल, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य सकाय के पाठ्यक्रम मण्डल, केरल कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य सकाय के पाठ्यक्रम मण्डल, राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, बिहार के मत्स्य सकाय के पाठ्यक्रम मण्डल, केरल विश्वविद्यालय, त्रिवेन्द्रम मे जल-जन्तु जीव विज्ञान और मत्स्य विज्ञान मे पाठ्यक्रम मण्डल, तथा कर्नाटक शिक्षा परीक्षा मण्डल के सदस्य है।

डॉ शेट्टी भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद द्वारा जून-जुलाई, 1973 ई मे मगलौर मे 'मत्स्य उपभोग' पर, जुलाई, 1979 ई मे 'मत्स्य प्रसस्करण प्रौद्योगिकी अथवा कम-प्रयुक्त मछलियो के उपभोग और मत्स्य अपव्यय' पर तथा सितम्बर, 1985 इ मे जल-जन्तुओ के प्रदूषण पर प्रायोजित ग्रीष्मकालीन सस्थान के निदेशक रहे। उन्होने 3 से 14 नवम्बर, 1980 ई तक मध्य-पूर्व एव दक्षिण-पूर्व एशिया के 16 देशो के मत्स्य अधिकारियो का मगलौर मे "अरब सागर मे छोटी मछलियो की सार-सँभाल" पर आयोजित खाद्य एव कृषि सगठन-डेनिडा (DANIDA) अन्तर्राष्ट्रीय कार्यगोष्ठी के निदेशक के उत्तरदायित्व का निवहन किया, नवम्बर, 1980 ई मे मगलौर मे आयोजित खाद्य एव कृषि सगठन-डेनिडा अन्तर्राष्ट्रीय कार्यगोष्ठी के मूल्यॉकन हेतु नियुक्त खाद्य एव कृषि सगठन-डेनिडा मूल्यॉकन आयोग की सहायता की, एशियाई मत्स्य परिषद के भारतीय स्कन्ध के अध्यक्ष की हैसियत से 4 से 8 दिसम्बर, 1987 ई तक मगलौर मे देश के सबसे विशाल मत्स्य वैज्ञानिक सम्मेलन 'प्रथम भारतीय मत्स्य सघ' का आयोजन किया, मत्स्य व्यवसायी सघ, मगलौर के सस्थापक-अध्यक्ष की हैसियत से 19-20 जून, 1986 ई को मगलौर मे "समुद्री मछली पकडने की समस्याये और अवसर तथा कर्नाटक मे

मत्स्य प्रसस्करण'' विषय पर राज्य स्तरीय सेमीनार का आयोजन किया, मगलौर मे ''मत्स्य रोगो'' पर एक राष्ट्रीय परिसवाद का आयोजन किया, जिसमे स्टर्लिग विश्वविद्यालय, इग्लैड के वैज्ञानिको ने भाग लिया, जुलाई, 1980 ई मे मगलौर मे जल-जन्तु विज्ञान सस्थान, स्टर्लिग विश्वविद्यालय (इग्लैड) और ब्रिटिश कौसिल के सहयोग से ''कर्नाटक, भारत मे अन्तर्देशीय जल-जन्तु सवर्धन के कतिपय पक्षो'' पर सेमीनार का आयोजन किया था तथा समय-समय पर मत्स्य महाविद्यालय, मगलौर म अन्य कोई कार्यगोष्ठियो, परिसवादो और सेमीनारो का भी आयोजन किया था।

वह देश मे वरिष्ठतम और सबसे प्रथम शिक्षा-शास्त्री है। जनवरी-फरवरी, 1986 इ मे वह कृषि विश्वविद्यालयो के अधिष्ठाताओ/निदेशको के भारत सरकार के प्रतिनिधि-मण्डल मे मत्स्य विज्ञान के सदस्य थे, जो सयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा पर गया था। वह सन् 1985 ई मे कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बगलौर तथा सन् 1986 ई मे कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय के लिए दो बार कुलपित सूची मे रहे।

उन्होने जापान, फिलिप्पीन्स, इटली और आस्ट्रेलिया मे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो मे भाग लिया था।

**प्रकाशन**—प्रो शेट्टी के मत्स्य पकड प्रबन्धन एव मत्स्य जीव-विज्ञान, जल-जन्तु विज्ञान, काष्ठफलक विज्ञान एव पर्यावरण प्रबन्धन, मत्स्य वर्गीकरण सिद्धान्त, मत्स्य प्रसस्करण प्रौद्योगिकी, मत्स्य शिक्षा, मत्स्य रोगो, मत्स्य अभियात्रिकी, मत्स्य विस्तार तथा अन्य प्रकरणो पर 135 शोध एव तकनीकी पत्र राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो मे प्रकाशित हुए हैं।

उनकी निम्नाकित पुस्तके एव प्रतिवेदन प्रकाशित हुए हैं—

1 दि आर्टिफिसियल प्रोपेगेशन ऑफ वार्म वाटर फिनफिशेज-ए मैन्युअल फॉर एक्सटेशन
2 रिपोर्ट ऑफ दि फिश सीड कमेटी, भारत सरकार,-1966

उनकी निम्नाकित पुस्तक-समीक्षाये प्रकाशित हुई है—

1 दि बॉयोलोजी ऑफ दि इण्डियन ओसन, सम्पादक बर्न्ट जैशेल (पृष्ठ 549)
2 मेनेजमट ऑफ लेक्स एण्ड पोण्ड्स द्वारा जॉर्ज डब्ल्यू बेनेट (पृष्ठ 375)

**अभिरुचियॉ**—वह सदैव ही अच्छे खिलाडी रहे है और विभिन्न खेलो किन्तु अधिकॉशत टेनिस और शटल बैडमिन्टन मे कई पुरस्कार प्राप्त किये। उन्होने एक बार कर्नाटक राज्य की टेनिस मे अभ्यास-वृद्ध की दुहरी उपाधि प्राप्त

की और अन्तर्विश्व-विद्यालय कर्मचारी टेनिस क्रीडा-प्रतियोगताओ मे कइ बार अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

**सम्मान और पुरस्कार—** मत्स्य अनुसन्धान और शिक्षा के क्षेत्र मे एव एशियाई मत्स्य परिषद के विकास मे उनकी महत्त्वपूर्ण उपलब्धियो के उपलक्ष मे अक्टूबर, 1992 ई मे सिगापुर मे आयोजित तृतीय एशियाई मत्स्य सघ के अधिवेशन के अवसर पर उन्हे एशियाई मत्स्य परिषद ने एशियन फिशरीज अवाड प्रदान किया था।

मई, 1990 ई मे वह तीन वर्ष के द्वितीय क्रमिक कार्यकाल के लिए एशियाई मत्स्य परिषद के भारतीय स्कन्ध के पुन अध्यक्ष निर्वाचित किये गए तथा अक्टूबर, 1992 ई मे सिगापुर मे एशियाई मत्स्य परिषद के अधिवेशन मे तीन वर्ष के तृतीय क्रमिक कार्यकाल के लिए पुन उसके पार्षद निर्वाचित किए गए।

**अनुसन्धान की दिशा मे**—उन्होंने जल-विद्या का परिस्थितियो और मछलियो के भूमि पर उतरने के सम्बन्ध मे हुगली-मट्लाह नदी-मुख प्रणाली मे बहाकर ले जाने एव ढेर लगाने वाले जीवो की अस्थिरताओ की विधि का अनुमान लगाया। उन्होने भारतीय शाद-हिल्सा इलिसा के लिए एक सभावित निदर्शक प्रजाति का पता लगाया। उन्होने हुगली-मट्लाह नदी-मुख के व्यावसायिक रूप से महत्त्वपूर्ण एनग्रोलिड्स (engraulıds) और पॉलीनेमिड्स (polynemıds) के मत्स्य जीव विज्ञान पर कार्य किया।

उन्होने गगा नदी प्रणाली, नर्मदा नदी, गोदावरी नदी-मुख और मध्य प्रदेश मे 3 जलाशयो के धीवर-कर्मो पर अनुसन्धान कार्यक्रमो की योजना बनाई और उसका निरीक्षण किया। इसके साथ ही देश के विभिन्न भागो मे मछली के फाको के व्यापक अन्वेषणो का आयोजन भी किया।

उन्होने सम्पूर्ण देश मे नदी मे मछली के फाको के व्यापक अन्वेषणो का आयोजन किया और उन्हे कार्यान्वित किया तथा देश के विभिन्न भागो मे कई लाभदायक मछली के फाको के सग्रह केन्द्रो के निर्माण मे सफल रहे। उन्होने मछली के फाको को सग्रह करने के लिए कुछ नए प्रकार के जालो का प्रारूप तैयार किया तथा मछली के फाको के सग्रह के लिए एक नया और अधिक प्रभावशाली जालरन्ध्र का नाप $\left(\frac{1}{12}\right)$ प्रारम्भ किया। जल-विद्या की विभिन्न परिस्थितियो के समूहो के अन्तर्गत मछली के फाको के सग्रह-जालो के विभिन्न प्रकारो और विभिन्न जाल-रन्ध्रो की उपयुक्तता को निर्धारित किया गया।

उन्होने प्रयोगात्मक अध्ययनो से यह पता लगाया कि नदी मे मछली के फाके बन्ध मे पोषण और कल्पनानुसार उत्पन्न फाको से श्रेष्ठ थे। वह मेहतर

प्रजाति के मेल से पृथक तत्त्वो से निर्मित मत्स्य सवर्धन से उत्पादन को आगे बढाने मे सफल रहे।

मत्स्य महाविद्यालय मे विकसित गोलीनुमा मछली के भोजन पर आधारित मत्स्य भोजन के साथ किये गये कार्य मे यह दिखलाया है कि सामान्य कार्य (मीठे पानी की मछली), साइप्रिनस कार्पियो वार कॉमूनिस की पैदावार को चावल की भूसी (चोकर) और तेल की खली के पारम्परिक भोजन का प्रयोग करने से प्राप्त मछली की तुलना मे 50% बढाया जा सकता है।

मत्स्य भोजन के स्थान पर पशु-प्रोटीन के साधन के रूप मे रेशम के कीडे की तीसरी अवस्था का प्रयोग करके एक नया गोलीनुमा भोजन तैयार किया गया और यह पाया गया कि उसने मछली को समान वृद्धि प्रदान की और उस समय की तुलना मे आर्थिक रूप से अधिक सस्ता था, जब मत्स्य भोजन प्रोटीन के साधन के रूप मे प्रयोग किया जाता था। जगली प्याज का भोजन और सोयाबीन भी गोलीनुमा भोजनो मे मत्स्य भोजन के लिए लाभप्रद स्थानापन्न पाये गए हैं।

चीनी घास खाने वाली कार्प मछली के लिए भोजन के रूप मे जल मे उत्पन्न घास की तुलना मे कई सासारिक घासे और दाल युक्त पौधे अच्छे और प्राय श्रेष्ठ पाए गए हैं।

सजीव खादो के साथ अकेले ही अथवा मिश्रण रूप मे प्रयोगो मे यह पाया गया कि मुर्गीखाने की खाद से गोबर और मल (पायरवाना) की कीचड के डेलो की तुलना मे अधिक अच्छे परिणाम निकले। बॉयोगैस का अवशिष्ट मल भारतीय विशाल कार्प मछली के उत्पादन के लिए एक बहुत लाभदायक जलाशयीय उर्वरक पाया गया। सवर्धित मछलियो की सूक्ष्माग सचालन विशेषताओ पर इसका कोई विपरीत प्रभाव नहीं पडा।

होर्मोन्स के व्यवस्थापन द्वारा सामान्य कार्प और तिलापिया मछली के लिग को कुशलतापूर्वक प्रयोग करने की प्रविधि खोज ली गई है और उसका मानकीकरण किया गया है। सामान्य कार्प के सवर्धन मे वृद्धि प्रवर्त्तको के रूप मे होर्मोन्स के प्रयोग से महत्त्वपूर्ण परिणाम उपलब्ध हुए हैं।

17x મેથાઇલટેસ્ટોસ્ટેરોન और महसीर (तोरखुर्दी) के वृद्धि व्यापार पर विभिन्न प्रोटीन ससाधनो को समाहित किये हुए भोजनो के विभिन्न स्तरो से सयुक्त भोजनो पर आधारित मत्स्य भाजन के प्रभाव का मूल्यॉकन किया गया था। होर्मोन के 2 5 पी पी एम स्तर ने अकेले सवर्धन के अन्तर्गत सबसे उत्तम परिणाम दिया, जबकि सयुक्त सवर्धन के अन्तर्गत स्पिरुलिना सर्वोत्तम प्रोटीन का साधन सिद्ध हुई।

डॉ शेट्टी ने मध्यप्रदेश के तीन छोटे जलाशयो मे मछलियो के विकास पर अनुसन्धान कार्यक्रमो की योजना बनाई ओर उनको क्रियान्वित कराया तथा उनम से एक मे वह सक्रिय सहभागी रहे।

उन्होने मत्स्य प्रसस्करण प्रौद्योगिकी और मत्स्य अभियात्रिकी मे अनुसन्धान कार्यक्रमो की योजना बनाई और सम्पूर्णत उनका निरीक्षण किया। उन्होने दूसरो के सहयोग से मछली के मॉस को व्यवहार मे लाने की एक नइ प्रविधि का पता लगाया जो इसे सरलता से सामान्य पारिवारिक शाकाहारी जलपानो मे मिलाने के योग्य बनाती है।

